हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# परख से परखेंगे दक्षताः डेढ़ घंटे की परीक्षा में पूछे जाएंगे 60 प्रश्न, ओएमआर शीट के जरिये देना होगा उत्तर..जिले की 111 स्कूलों में साढ़े 3 हजार बच्चे होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूली बच्चों की दक्षता जांचने के लिए आयोजित परख परीक्षा का आयोजन प्रदेशभर में आज चार दिसंबर को किया जाना है। इससे पहले जिले में तीसरी, छठवीं एवं नवमी के बच्चों को इस परीक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। इस परीक्षा में कक्षावार तीन विषय पर आधारित परीक्षा ली जाएगी। जिसमें डेढ़ घंटे की अवधि में अधिकतम 60 प्रश्न पूछे जाएंगे। खास बात यह है कि परीक्षा ओएमआर शीट के जरिये होगी।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा के लिए जिले की 111 स्कूलों का चयन किया गया है। हालांकि परीक्षा को लेकर पहले ही सभी सरकारी स्कूलों में परीक्षा को ध्यान में रखते तैयारी कराई जा रही थी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण-2024 चार दिसंबर को होगी। सर्वेक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन का मूल्यांकन करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के मूल्यांकन से संबंधित मापदंड स्थापित करना है। इस बार सर्वेक्षण कक्षा 3, 6 और 9 के छात्रों पर केंद्रित होगा। परख में जिले की सरकारी व निजी स्कूलें शामिल होगी। स्कूल का चयन परीक्षा से एक-दो दिन पहले एनसीईआरटी डाइस के आधार पर करेगी। विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर पिछली कक्षा स्तर के प्रश्नों से जांचा जाएगा।

## ब्लॉक स्तर पर चार निरीक्षण दल का भी गठन, हर स्कूल में मॉनिटरिंग का जिम्मा

### 9वीं के बच्चों से 60 प्रश्न

कक्षा तीसरी एवं छठवीं के विद्यार्थियों की परख परीक्षा हिन्दी, गणित व पर्यावरण विषय पर ली जाएगी। डेढ़ घंटे की इस परीक्षा में तीसरी एवं छठवीं के बच्चों से हर विषय के 15 सहित कुल 45 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसको हल करने के लिए उन्हें 90 मिनट का समय दिया जाएगा। वहीं 9वीं कक्षा की हिन्दी, गणित, विज्ञान व सामाजिक में से तीन विषयों की 2 घंटे की परीक्षा होगी। 20 अंक सहित कुल 60 अंकों के प्रश्न-पत्र होंगे।




### परीक्षा के आधार रैंकिंग

मिली जानकारी के अनुसार इस परख सर्वेक्षण के जरिये न केवल विद्यार्थियों का, बल्कि शिक्षकों एवं स्कूलों समेत पूरी शिक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। इसी आधार पर अखिल भारतीय पर राज्यों की रैंकिंग तय की जाएगी। पिछले साल प्रदेश देश में 36वें स्थान पर रहा था। यही कारण है कि इस बार स्थिति सुधारने के लिए पहले से तैयारी की जा रही है।

### सभी स्कूल में ट्रेनिंग

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि परख परीक्षा को ध्यान में रखते जिले की सभी स्कूलों में तैयारी कराई थी। तीसरी, छठवीं एवं नवमीं के बच्चों की हर सप्ताह परख के आधार पर एक मॉडल टेस्ट भी लिया जा गया था। विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सुझाव भी दिए जा रहे हैं।

### डीपीएस बना नोडल

परख परीक्षा के लिए जिले में दिल्ली पब्लिक स्कूल को नोडल बनाया गया है। बताया गया कि परीक्षा को लेकर सभी स्कूलों के लिए यही प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे। जिसका वितरण स्कूलवार होगा। जिले में किन स्कूलों में इस परीक्षा का आयोजन होना है, इसकी जानकारी चार दिसंबर से 2 या 3 दिन पहले ही शिक्षा विभाग को दी जाएगी।

# किशोरी छात्रा ने की आत्म हत्या, सदमे में माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



अंबागढ़ चौकी नगर के शहीद भगत सिंह वार्ड में निवासरत बारले परिवार की इकलौती किशोरी छात्रा ने सोमवार देर शाम फांसी लगाकर मौत को चुन लिया है। मामला सामने आने के बाद अंबागढ़ चौकी पुलिस पूरे प्रकरण की सूक्ष्मता से जांच में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी भगतसिंह वार्ड में निवासरत गायत्री विद्यापीठ में अध्यनरत 15 वर्षीय नवमी की छात्रा एलीना बारले पिता भुवनलाल बारले सोमवार शाम 7.30 के बीच अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले को लेकर बताया गया कि मृतिका के माता-पिता सोमवार को डोंगरगांव रिश्तेदारी में गमी के कार्यक्रम में गए हुए थे। शाम सवा 7 बजे के बीच भाई द्वारा एलीना के कमरे में रात्रि का भोजन पहुंचाया गया। जिसके बाद छात्रा ने अंदर से कमरा बंद कर फांसी के फंदे में झूल गई। भाई जब पुनः बहन के कमरे की ओर गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। तत्काल भाई द्वारा खबर माता-पिता को फोन पर दिया कि एलीना दरवाजा बंद कर कमरे में बंद है। कुछ समय बाद माता-पिता भी घर पहुंच गए और मशक्कत के बाद दरवाजा खोला तो देखा कि उनकी इकलौती बेटी अपने कमरे में फांसी के फंदे पर झुली हुई है। परिजनों द्वारा उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद अंबागढ़ चौकी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है।

### मां ने उतारा बेटी को फंदे से

घर की इकलौती बेटी के फांसी के फंदे में झूलने के चंद मिनट के भीतर घर पहुंची मां शशिकला द्वारा धक्का देकर दरवाजा खोलने के बाद कमरे में देखा कि उनकी बेटी फांसी के फंदे में झटका के साथ तड़प रही है। तत्काल मां द्वारा बेटी को पकड़ते हुए फांसी के फंदे को गले से अलग कर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, तब तक बच्ची की मौत हो गई थी।

### हर एंगल पर की जा रही है जांच

15 वर्षीय मासूम छात्रा क्यों और किस कारण से आत्महत्या की है, इस पूरे प्रकरण की बिंदुवार जांच की जा रही है।
- अश्वनी राठौर, थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी

## किसानों से मुखातिब हुए कांग्रेस प्रतिनिधि, धान खरीदी केन्द्रों में देखी अव्यवस्था

# खरीदी केंद्र पहुंचे कांग्रेसियों को मिली तौल में गड़बड़ी, बारदाना व उठाव की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत कांग्रेसी आज शहर के ढाबा और कर्रापुरी धान खरीदी केंद्र पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों से बातचीत कर समस्याओं को जानने की कोशिश की। इस दौरान कांग्रेस द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा गया। कांग्रेस कमेटी द्वारा अपने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचे कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने यहां किसानों से बात कर समस्याओं को जाना। इस दौरान किसानों ने टोकन की मुख्य समस्या को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधियों को अवगत कराया।

किसानों से चर्चा के बाद कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि ऑनलाइन टोकन नहीं मिलने की बात किसानों द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि टोकन के लिए सप्ताहभर से किसान समिति के चक्कर काट रहे हैं। बारदाने की व्यवस्था भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम जमीनी स्तर पर किसानों के लिए लड़ेंगे। महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि किसानों को धान बेचने में समस्या हो रही है। कांग्रेस के समय टोकन में धान बिक्री की तारीख दे दी जाती थी। जिससे किसानों को आसानी होती थी। अब किसानों को अपना काम छोड़कर तीन-चार दिनों तक सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



### नमी बताकर अधिक तौल

धान खरीदी केंद्र पहुंचे राजनांदगांव कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर के सभी धान खरीदी केन्द्रों में कांग्रेस के साथी जा रहे हैं। इस दौरान यहां हमने पाया कि किसानों को बारदाने की समस्या से जूझना पड़ रहा है। किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि धान के तौल और नमी को लेकर शिकायत मिली है। पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था नहीं है।

### पूरा धान नहीं खरीदने की शिकायत

धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था देखने पहुंचे कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल को किसानों ने पूरी राशि खाते में नहीं आने और एक साथ पूरा धान नहीं खरीदे जाने को लेकर भी शिकायत की है। ढाबा समिति पहुंचे एक किसान ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि उनका 10 क्विंटल का टोकन है, लेकिन आज 8 क्विंटल ही धान खरीदा जा रहा है।

### कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल हुआ शामिल

कांग्रेस के धान खरीदी केंद्र चलो अभियान में अभियान प्रभारी विधायक दलेश्वर साहू, राजनांदगांव कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, सूर्यकांत जैन, अमित चंद्रवंशी, आसिफ अली, रमेश डाकलिया, मनीष गौतम सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोकन लेने लग रही लंबी कतारें, घंटों इंतजार के बाद भी नहीं बेच पा रहे धान

**राजनांदगांव।** समर्थन मूल्य पर किसानों को अपनी धान की उपज बेचने के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है। धान खरीदी केन्द्रों में सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें टोकन लेने के लिए लग रही है, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी टोकन नहीं मिल पा रहा है और अधिकांश किसान मायूस होकर वापस लौट रहे हैं।



कई किसान टोकन के लिए तीन-चार दिनों से कतारों में खड़े हो रहे हैं, लेकिन टोकन नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते किसानों में नाराजगी भी बढ़ने लगी है। समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी कर उनकी धान की खरीदी की जा रही है, लेकिन इस टोकन को लेने के लिए किसानों को काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। सुबह से ही किसान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की उपज बेचने टोकन लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन खरीदी की लिमिट तय होने के चलते सभी किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद किसानों को दूसरे दिन बुलाया जाता है, लेकिन कतारें अधिक होने के चक्कर में कई किसान दो-तीन दिनों तक टोकन नहीं ले पा रहे हैं।

**नहीं मिल पा रहा ऑनलाइन टोकन :** धान खरीदी केंद्र पहुंचे किसानों ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से अपने धान की उपज बचने के लिए वह कोशिश करते हैं, लेकिन पोर्टल महज 60-70 सेकंड के लिए ही खुल रहा है और फिर लिंक फेल हो जाता है। वहीं लोक सेवा केंद्र में भी जाकर कोशिश करते हैं, लेकिन लिंक फेल रहता है। इस वजह से ऑनलाइन टोकन नहीं ले पा रहे हैं।

### सुबह 6 बजे से लग रही लाइन

शहर के ढाबा सोसायटी पहुंचे मोहड़ के किसान बलिराम निषाद, नया ढाबा के किसान बिहारीलाल साहू, लीलाराम साहू, पुराना ढाबा के किसान तुमनलाल साहू, पनेका-बांकल के किसान भीखम देवांगन ने कहा कि वह सुबह लगभग 5.30 बजे से यहां पहुंचकर टोकन लेने लाइन लगे हैं, लेकिन 11 बज चुका है और अब तक टोकन नहीं मिला है। वहीं इनमें से कई किसानों ने कहा कि वह बीते तीन दिनों से टोकन के लिए लाइन में लग रहे हैं, लेकिन खरीदी की लिमिट खत्म हो जाने के चलते टोकन नहीं मिल रहा है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, धार्मिक स्थलों में तोड़-फोड़ की निंदा करते हिन्दू संस्कृति सुरक्षा मंच के बैनर तले हिन्दू संगठन एवं विभिन्न समाज के लोगों ने धरना प्रदर्शन किया। रैली निकालकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन एवं विभिन्न समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

उक्त प्रदर्शन को लेकर दोपहर से ही हिन्दू संगठन के पदाधिकारी एवं विभिन्न समाज के प्रतिनिधि शहर के महावीर चौक फ्लाई ओवर के नीचे एकत्र होना प्रारंभ हो गए थे। दोपहर 2 बजे के बाद प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार एवं धार्मिक स्थलों में तोड़-फोड़ किए जाने की निंदा की एवं बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं की सुरक्षा हेतु केन्द्र सरकार से उचित कार्रवाई करने की मांग भी की गई।





### सर्विस लेन से निकली रैली

वक्ताओं के उदबोधन से पूर्व हिन्दू संस्कृति सुरक्षा मंच के संयोजक एमडी ठाकुर ने कार्यक्रम से संबंधित प्रस्तावना का पाठन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने हाथों में बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार से संबंधित स्लोगन लिखे तख्तियां रखी हुई थी। धरना पश्चात सर्विस लेन होते हुए रैली निकाली गई। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। रैली कलेक्टोरेट पहुंची, जहां राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया।

### बड़ी संख्या में रही उपस्थिति

पूरे कार्यक्रम के दौरान हिन्दू संगठनों से जुड़े लोगों के अलावा विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। जिसमें प्रमुख रूप से विष्णु साहू, नीरज बाजपेयी, मनोज बैद, नीलकंठ गढे, नंदूराम साहू, राधेश्याम शर्मा, अशोक चौधरी, नीलू शर्मा, अमर ललवानी, प्रकाश यादव, अतुल रायजादा, शिव वर्मा, किशुन यदु, त्रिगुण सदानी, चंद्रेश जैन, सुनील सेन, रविन्द्र वैष्णव, मनोज चौधरी, शरद तिवारी, संतोष पटाक, लाल मुनई सिंह, सागर तिवारी, राहुल शर्मा, पीयूष दुबे सहित बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन एवं विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# शराब की अवैध बिक्री, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपियों को पकड़कर कुल 50 पौवा अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के विरूद्व चलाए जा रहे अभियान के तहत 2 दिसंबर को मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल रवि वर्मा का घर राहुल नगर लखोली में घेराबंदी कर आरोपी अशीष बघेल 23 साल साकिन प्रधानमंत्री आवास योजना आवास संतोषी नगर लखोली के कब्जे से 33 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्राण्ड एवं 9 पौवा गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब तथा 8 पौवा सीजी ब्रांड अंग्रेजी व्हीस्की कीमती 5010 रुपए को जब्त कर कार्रवाई किया गया। प्रकरण में मुख्य आरोपी रवि वर्मा 27 वर्ष साकिन राहुल नगर पुलिस को देखकर भाग गया था, जिसे 3 दिसंबर को पतासाजी व घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरापियों को न्यायिक अभिरक्षा पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ, प्रधान आरक्षक जी. सिरील कुमार, मिलन साहू, आरक्षक रंजीत चौरसिया, रूपेन्द्र वर्मा, प्रख्यात जैन एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# स्वास्थ्य पंचायत समन्वयकों ने की प्रोत्साहन राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगढ़ विकासखंड के मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वय और हेल्पडेस्क फैस्लिटियरों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर 3 माह से प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से आर्थिक समस्या को लेकर अवगत कराया है और प्रोत्साहन राशि दिलाए जाने की मांग की है।

तीन माह से प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने को लेकर बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत महिलाओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया है। मितानिन प्रशिक्षक, मितानिन, ब्लॉक समन्वयकों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर बीते अगस्त माह से राज्यांश एवं अक्टूबर माह का प्रोत्साहन राशि दिए जाने की मांग की है। मितानिन वर्षा गेडाम ने कहा कि उन्हें प्रोत्साहन राशि नहीं मिल रही है। वहीं अंशदान में भी कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें केस के एवज में ही पैसे मिलते हैं। इसके अलावा अतिरिक्त राशि नहीं दिया जाता है, जिस मितानिन का 6 से 8 हजार रुपए भी बनता है, उन्हें 1-2 हजार रुपए ही दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सभी की आर्थिक स्थिति बिगड़ी हुई है।

**सरकार से वादा निभाने की मांग :** सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची मितानिनों ने कहा कि शासन द्वारा उन्हें 22 सौ रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया गया था, लेकिन यह राशि नहीं मिल रही है। कांग्रेस सरकार में भी महज दो माह राशि मिली थी।

# ग्रामीणों ने की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अर्सीटोला से बड़ी संख्या में आज महिलाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की शिकायत लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची।

इस दौरान उन्होंने अपने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को हटाने की मांग की है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की शिकायत लेकर पहुंचे अर्सीटोला के ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 2 में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं द्वारा उनसे अभद्र व्यवहार किया जाता है और बात-बात पर ग्रामीणों से झगड़े पर उतारू हो जाती है।



**अभद्र व्यवहार की शिकायत**

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची महिलाओं ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को भोजन नहीं दिया जाता है। बच्चों से रूखा व्यवहार करते उन्हें भगा दिया जाता है। वहीं गर्भवती महिलाओं से भी अभद्र व्यवहार किया जाता है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### प्रधानपाठक कंवर सम्मानित



**मुरमुंदा।** प्रेरणा कंवर फाउंडेशन के तत्वावधान में गत दिनों आयोजित मिलन सह सम्मान समारोह में शिक्षा के उत्कृष्ट कार्य हेतु प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुष राम कंवर को मुख्य अतिथि विंदुलाल चन्द्रवंशी, विशिष्ट अतिथि निलाम्बर चन्द्रवंशी, महेशराम कंवर एवं भगतसिंह कंवर ने सम्मानित किया।

### सक्रिय सदस्यता अभियान में शहर मंडल आगे



**डोंगरगढ़।** भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के लक्ष्य को जिले में सबसे पहले शहर मंडल ने पूरा कर लिया है। यह सफलता सक्रिय सदस्यता प्रभारी लक्ष्मी नारायण के नेतृत्व में मिली है। चुनाव संगठन प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने इस सफलता पर लक्ष्मी नारायण अग्रवाल को सम्मानित किया। इस मौके पर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यदि कोई ठान ले तो उम्र बाधा नहीं बनती जिसे साबित कर दिखाया श्री अग्रवाल ने। उन्होंने शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन एवं सदस्यता अभियान से जुड़े 50 एवं 100 सदस्य बनने वाली टीम को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महेंद्र पटेल, विजेंद्र सिंह ठाकुर, राकेश अग्रवाल, संतोष राव उपस्थित थे।

### चंडी यज्ञ और भागवत कथा का आयोजन



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत डूमरडीह कला में दिनेश ठाकुर एवं उनके परिजनों ने चण्डी यज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया है। शुभारंभ के मौके पर कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुईं। उन्होंने भागवत के कथा का श्रवण कर महाराज से आशीर्वाद लिया। इस दौरान दिनेश ठाकुर, ओमप्रकाश साहू, रामखिलावन पाल, सौरभ वैष्णव, विनोदनी लहरे, गंभीर साहू, प्रमोद वर्मा, रामेश्वर साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### चतुर्थ वर्ग कर्मी करेंगे फरवरी में आंदोलन



**डोंगरगढ़।** लघु वेतन चतुर्थ वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा की बैठक रविवार को राजनांदगांव के ओवर ब्रिज के नीचे संपन्न हुई। बैठक में 6 सूत्री मांगों पर विचार विमर्श किया गया। प्रांतीय निर्देशानुसार फरवरी में 6 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में कर्मचारी की राय एवं समस्याओं को एकत्रित करना तय किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष हरिशचंद्र यादव, माधव दास, शंभूप्रसाद सिंह, शिवप्रसाद वैष्णव, मिशुक पटेल, मोहित साहू सहित अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल हुए। संघ द्वारा मांगों को लेकर कलेक्टर को शीघ्र ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### नहीं हो रहा गरीबों का सर्वे

**डोंगरगढ़।** राज्य शासन ने आवास योजना से गरीबों को लाभान्वित करने नगर पालिका एवं राजस्व विभाग को प्राप्त आवेदनों के आधार पर सर्वे करने का निर्देश जारी किया है किन्तु शहर में न तो शिविर लगाकर आवेदन लिया जा रहा है और न किसी प्रकार का सर्वे हो रहा है। भाजपा जनप्रतिनिधियों को जोड़ कर बिना भेदभाव के इस योजना से लोगों को जोड़ने का प्रयास कहीं भी नजर नहीं आ रहा है। नगर पलिका के अधिकारी सर्वे राजस्व विभाग के माध्यम से होने का हवाला दे रहे है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि नगर पालिका, राजस्व विभाग के कर्मचारी पट्टा वितरण के अलावा अवास योजना के हितग्राहियों का सर्वे कर सूची तैयार करेंगे।

### स्वच्छता मिशन में गड़बड़ी



**डोंगरगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर में आधा दर्जन सुलभ शौचालय में लगभग 40 लाख खर्च करने का मामला सामने आया है। ठेकेदार, अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने शासन को लाखों का चूना लगाया है। जनवरी 2018 से दिसंबर 2023 तक शौचालय व्यवस्था के नाम से 75 से 85 हजार तक भुगतान किया गया है। इसी प्रकार जनवरी 23 से दिसंबर 2024 तक लोधी समाजसेवी संस्था को लगभग 9 लाख के भुगतान किया जाना था जिसे इंजीनियर एवं सीएमओ ने अव्यवस्था को देखते हुए रोक दिया है। अब ठेकेदार बंद शौचालय के नाम पर भुगतान करने दबाव बना रहा है।

### सामूहिक विवाह आज

**पटेवा।** ग्राम इर्रईकला में कल 4 दिसम्बर को महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव द्वारा छग शासन की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शादी का आयोजन ग्राम पंचायत भवन इर्रईकला में आयोजित की गई है।

## निधन

### हीरूलाल सिन्हा



**डोंगरगढ़।** राका के वरिष्ठ नागरिक हीरूलाल सिन्हा का स्वर्गवास हो गया। वह लगभग 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में परिजनों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। वह अपने पीछे पुत्र रामाधार सिन्हा व नोहर सिन्हा एवं दो पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह डॉ. पवन सिन्हा के दादा एवं जितेन्द्र सिन्हा के नाना थे।

## परिवहन नहीं होने से सोसायटियों में बनने लगे जाम के हालात

# खरीदी का आंकड़ा पहुंचा 2 लाख क्विंटल के पास

## परिवहन हुआ मात्र 940 क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

खरीदी शुरू होने के बाद से अब तक 13 केन्द्रों में 177170 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। वही धान परिवहन का आंकड़ा हजार क्विंटल तक भी नहीं पहुंचा हैं। सभी केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम हो गया है। धान का शीघ्र परिवहन नहीं हुआ तो खरीदी बंद करने की नौबत आ सकती है।

उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी गत 14 नवंबर से शुरू हुई है। गत 14 नवंबर से दो दिसंबर तक धान खरीदी केन्द्रो में 3960 किसानों से 177170 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। जानकारी के अनुसार स्थानीय धान खरीदी केंद्र में 15576.40 क्विंटल, घुघवा में 15878, अर्जुनी 14400.80, दीवानभेड़ी 17242.80, कोकपुर 22093.20, खुर्सीटिकुल 17045.20, आमगांव 13641.60, बादराटोला 19162, आतरगांव 9909.60, कुमरदा 14258, चिरचारी कला 5066, चारभांठा कु 7703.20 और धनगांव में 5193.20 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है।



### सुस्त परिवहन से परेशानी

सोसायटियों में भरपूर धान की आवक होने के बाद भी परिवहन गति नहीं पकड़ पाया है। जानकारी के अनुसार दो दिसंबर तक डोंगरगांव केन्द्र से 240 और बादराटोला धान खरीदी केन्द्र से 700 क्विंटल धान का परिवहन हो सका है। अन्य सोसायटियों में बफर लिमिट से दो से तीन गुना अधिक धान का भंडारण होने से अब जगह कम पड़ने लगी है। कुमरदा सोसायटी के फड़ का रकबा करीब आधा एकड़ का है। यहां 14258 क्विंटल धान की खरीदी होने से अब भंडारण की समस्या खड़ी हो गई है। सोसायटी के आग्रह के बाद भी यहां से अब तक धान का परिवहन शुरू नहीं हो सका है। अन्य सोसायटियों में भी खरीदी बंद करने के हालात बनते जा रहे हैं।

### किसानों से हुआ छल

जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू और उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने





धान खरीदी व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भाजपा ने मोदी की गारंटी के तहत 31 सौ रूपए की दर से धान खरीद कर एकमुश्त भुगतान करने, पंचायत स्तर पर भुगतान व्यवस्था करने का वादा किया था। सरकार बनने के बाद सरकार अपने वादे से मुकर रही है और किसानों को एक मुश्त भुगतान नहीं किया जा रहा है। वहीं पंचायत स्तर पर भुगतान का प्रबंध नहीं किया गया है। किसानों को बारदाना की किल्लत से जूझना पड़ रहा है।

### गहराने लगी धान भंडारण की समस्या



**गंडई पंडरिया।** क्षेत्र की सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी लगातार किया जा रहा है परन्तु अपेक्षित मात्रा में उठाव नहीं होने से अब धान रखने के लिए जगह कम पड़ने लगी है। नगर की सेवा सहकारी समिति से खरीदी के अनुपात में धान का उठाव नहीं के बराबर हुआ है। जानकारी के अनुसार अब तक 617 किसानों से 27 हजार 334 क्विंटल धान की खरीदी किया जा चुका है जबकि उठाव मात्र 4200 क्विंटल का हुआ है जबकि 7200 क्विंटल धान का उठाव हो जाना चाहिए था। जानकारी के अनुसार अब तक 617 किसानों ने धान बेचा है। 60 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन काटा जा रहा है वही 40 प्रतिशत टोकन समिति द्वारा काटा जा रहा है।

## धान का परिवहन शुरू किसानों की चिंता दूर



**सड़क अतरिया।** धान खरीदी शुरू होने के 12 दिन बाद थोक में डीओ कटने के बाद समितियों ने राहत की सांस लिया है। वही खरीदी अवरूद्ध होने की आशंकित किसानों की चिंता दूर हुई। जानकारी अनुसार ठाकुरटोला में 3840 क्विंटल, संड़ी में 3840, विचारपुर 3840, बुंदेली 1960, कुकुरमुड़ा अतरिया में 1960 क्विंटल धान के परिवहन के लिए डीओ काटा गया है। केन्द्रों से मंगलवार को परिवहन शुरू हो गया है।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी शुरू होने के बाद परिवहन नहीं होने से जाम की स्थिति उत्पन्न होने लगी थी। बुंदेली, संड़ी, कुकुरमुड़ा सहित अन्य केन्द्र में जाम की समस्या अधिक थी।

### पूजा अर्चना कर ट्रक रवाना

धान खरीदी शुरू होने के बाद परिवहन शुरू होने के मौके पर समिति के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने पूजा अर्चना कर पहली खेप रवाना किया। ठाकुरटोला धान उपार्जन केन्द्र में मंगलवार को धान उठाव शुरू होने पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी युवराज पटेल एवं भाजयुमो अध्यक्ष अनुज साहू ने ट्रक को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।

जानकारी के अनुसार कुकुरमुड़ा अतरिया में मंगलवार को स्थानाभाव की समस्या से जूझते हुए धान फड़ के ऊपर तराजू लगाकर धान तौलना पड़ा था।

### सिस्टम से किसान परेशानः त्रिवेणी



**बेलगांव।** जनपद सदस्य त्रिवेणी राजू वर्मा ने भाजपा शासन को किसानों के लिए दुखदाई बताते हुए कहा कि धान खरीदी प्रारंभ हुए 20 दिन गुजर गए हैं फिर भी सोसायटियों से धान परिवहन नहीं हो रहा है। बेलगांव सोसायटी में धान की भरपूर आवक होने और परिवहन नहीं होने से खरीदी बंद हो सकती है। किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिला रहा है। दिनभर में केवल 5 मिनट ही ऑनलाइन टोकन कटता है। किसानो से एक मुश्त रकम का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है।

# पढ़ाना छोड़ अन्य कार्य में लगे शिक्षक

## बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, शिक्षक नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई ने शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य कराने से बच्चों की पढ़ाई बाधिक होने पर चिंता व्यक्त किया है।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, जीवन वर्मा, बृजेश वर्मा, चंद्रिका यादव, शरद शुक्ला, हंसकुमार वर्मा, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू, रतिराम कन्नौज, राजेश साहू, महेश उइके, संदीप साहू, भारती साहू, पंचशील सहारे, राजकुमारी जैन, नीरजबाला डोंगरे, गिरीश हिरवानी, दिनेश कुरेटी, मनीष पसीने, अनिल शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग में नए नए कार्यक्रम होने और आदेश जारी होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूलों में छात्रवृत्ति की एंट्री, दस्तावेज अपलोड करना पड़ रहा है। वर्तमान में अपार आईडी की एंट्री कर जनरेट करने शिक्षकों को लगा दिया है। शिक्षक बच्चों को पढ़ाना छोड़कर इसी कार्य में लगे हुए है।

अब परख के तहत टेस्ट लेकर जांचना व नम्बर ऑनलाइन एंट्री करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण के बाद तीन दिवस आफ लाईन प्रशिक्षण प्रांरभ किया गया है।साइंस को विशेष महत्व देते हुए इस विषय की शिक्षकों को कार्यशाला में बुलाया जा रहा है। गैर शिक्षकीय कार्य से बच्चों के अध्यापन में व्यवधान आ रहा है।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल मैदान में डॉक्टर इलेवन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 21 हजार, द्वितीय 15 हजार सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार रखे गए है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ चन्द्रगिरि तीर्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जैन ने किया। अध्यक्षता पूर्व पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम ने किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा अध्यक्ष अमित जैन थे। प्रतियोगिता में बिलासपुर, दुर्ग, नागपुर, भरवेली, गोंदिया, कादरी, तिरोड़ी, बालाघाट, कोरबा, राजनांदगांव, बालोद, मनसर, खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव सहित अन्य स्थानों की टीम शामिल हो रही है। पहला मैच बिलासपुर और डोंगरगांव के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले मे बिलासपुर विजेता रहा। दूसरा मैच नागपुर और भिलाई चरोदा के बीच हुआ, जिसमें नागपुर ने सफलता हासिल किया। इस मौके पर राकेश अग्रवाल, मनोज गुप्ता, क्रांति नामदेव, निखिल जैन, रेफरी सौरभ डे, कृष्णा अम्बादे सहित अन्य मौजूद थे।



## प्रारंभिक तैयारी टेस्ट में शिवांश प्रथम



**मुरमुंदा।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के आयोजन पूर्व छात्रों की तैयारी परखने लिए टेस्ट का आयोजन रविवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारागांव खुर्द में किया गया। परीक्षा में 207 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सबसे अधिक अंक हासिल करने वाले पांच छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। कुल 80 अंक में से 75 अंक लेकर शिवांश भुआर्य प्रथम, 71 अंक प्राप्त कर तीरथ देवांगन द्वितीय, 70 अंक के साथ धर्मेश साहू तृतीय, 68 अंक प्राप्त कर सायना परवीन पांचवे स्थान पर रही। अगला टेस्ट आगामी 8 दिसंबर को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसराखुर्द में होगी।

# लंबी छलांगः सौरभ बनेगा सहकारिता अधिकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोक सेवा आयोग द्वारा जिला सहकारिता अधिकारी के लिए आयोजित परीक्षा में सौरभ जाभुलकर ने सफलता हासिल किया है। उसकी सफलता से क्षेत्र के युवा काफी हर्षित है। सौरभ के पिता स्व रामानंद जांभुलकर रेल्वे स्टेशन में वेंडर थे। मां जायाबाई बीड़ी बनाकर घर चलाती है। विपरीत परिस्थितियों में सौरभ ने एनआईटी रायपुर से मेकेनिकल इंजीनियर में बीटेक किया। द्वितीय प्रयास में ही बिना कोचिंग के लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। सौरभ ने बताया कि उसके बड़े भाई स्व कोमल जांभुलकर का सपना था कि वह आईएएस बने। भाई के सपने को साकार करने उसका सफ़र जारी रहेगा। उसकी सफलता पर डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, अमिताभ दुफारे, महेश बोरकर, विलास जांभुलकर, सुदेश मेश्राम, निर्भयदास चोखांन्द्रे, सिद्धार्थ नागदेवे आदि से उसे बधाई दी है।

# गरीब के बेटे ने किया कमाल

**मोहारा।** ग्राम पंचायत मोहारा के आश्रित ग्राम तेंदूभाटा का गरीब परिवार का युवक रवि सिन्हा अब राज्य प्रशासनिक सेवा में अपनी सेवाएं देगा। गांव के गरीब किसान चुम्मन सिन्हा के पुत्र ने अपनी लगन से मेहनत कर पीएससी में 48वीं रैंक हासिल किया है। चयन के पश्चात प्रथम ग्राम आगमन पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। शाम तक उसके घर मं बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शाम को वह ग्राम के गुरुद्वारा मे माथा टेकने गया। गुरुद्वारा के भंडारी शंकर बघेल ने श्रीफल भेंटकर बधाइ दी। रवि के परिजनों की छोटी सी होटल है जहां वह चाय बेचकर अपने परिवार का गुजारा करता रहा है। रवि को पढ़ाने के लिए परिजनों ने जमीन भी बेच दिया था। रवि की सफलता से परिजन एवं ग्रामीण हर्षित हैं। उसके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद संतोष पांडेय, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारती, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, भुवनेश्वर बघेल, विष्णु लोधी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेंद्र वैष्णव, मूलचंद लोधी सहित अन्य ने बधाई दी है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082




Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रूवातला स्कूल में न्योता भोज

**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला रूवातला के प्रधान पाठक बंदिश नेमपाण्डे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के लगभग 250 बच्चों को भोज कराया। सभी बच्चों को चाकलेट, पुडी, छोले आलू की सब्जी खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक एलके वर्मा, राजेश साव, तिलेश्वर वर्मा, मो. अमीन कुरैशी, राजेश पंचभाई, राजेन्द्र साहू, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षादास, नीतू वर्मा, लोकमती वर्मा आदि मौजूद थे।

### पढ़ाई कर बने बेहतर नागरिक

**कोकपुर।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने विद्यार्थियों को शारीरिक क्षमता एवं बौद्धिक क्षमता के विकास हेतु टिप्स बताते नियमित योग करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जितना जरूरी मानसिक कार्य करना है उतना ही जरूरी शारीरिक श्रम करना भी जरूरी है। विद्यार्थी जीवन का महत्व, जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने, स्कूल एवं कोचिंग के अलावा घर में 5 घंटे पढ़ने प्रेरित किया। नशा के दुष्परिणाम बताते हुए नशा से दूर रहने का संकल्प कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ लिखकर अच्छा इंसान बनने कहा।

### महापरिनिर्वाण दिवस 6 को

**डोंगरगढ़।** आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का 68 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण, 9.30 बजे परित्राण पाठ एवं श्रद्धांजलि, 10.30 बजे कचहरी स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। शाम 6.30 बजे परित्राण पाठ कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। आगामी 6 दिसंबर को रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी रखा गया है। संस्था के अध्यक्ष डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने सामाजिक जनों से रक्तदान करने एवं स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की है।

### खेतों में किसान जला रहे पराली



**गंडई पंडरिया।** गंडई क्षेत्र में धान की लगभग 80 प्रतिशत कटाई हो चुकी है। अधिकांश किसानों ने हार्वेस्टर एवं थ्रेसर से फसल की कटाई करवाया है जिसके कारण धान की पराली खेतों में ही है। किसान अब चना और गेहूं की बुआई के लिए खेतों में ही पराली जला रहे है। पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान पहुंच हरा है साथ जमीन में मौजूद मित्र जीवाणु भी नष्ट हो रहे हैं। सबसे बड़ा नुकसान मवेशियों को चारा का हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा पराली को लेकर हर साल आदेश जारी करते हुए पराली को खेतों में नहीं जलाने, मवेशियों के सुरक्षित रखते हुए कांजी हाउस मेंदेने कहा जाता है किन्तु इस वर्ष प्रशासन ने ऐसा कोई आदेश जारी नही किया है। आदेश के अभाव में किसान खेतों में ही पराली जलाने लगे हैं। इस ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो 70 प्रतिशत पराली जला दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार कुछ किसान पराली को आग के हवाले के बजाए नजदीकी काजी हाउस या उन स्थानों पर देना चाहते हैं परंतु खेतो में बिखरे पराली को जमा कर उसे ट्रेक्टर से मौके तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त खर्च नहीं करना चाहते हैं और वह खेतो में ही पराली जला रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी रेणुका रात्रे ने बताया कि पराली जलाने से पर्यावरण, मित्र जीवाणु और पशु चारे का नुकसान होता है इसलिए किसान पराली न जलाए। पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम बनाई गई है।

### कार्रवाई की मांग, जिला प्रशासन को कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

# नगर पालिका में भ्रष्टाचार के लिए सीएमओ जिम्मेदार : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार और बिना काम सरकारी राशि के के बंदरबांट को लेकर विधायक यशोदा वर्मा ने नपा प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया। स्वच्छता श्रृंगार, जिम सामग्री खरीदी, सीमेंट कुर्सी, बिना परीक्षण जल आवर्धन के भुगतान जैसे तमाम मामलों में सीएमओ प्रमोद शुक्ला की जवाबदेही तय करते हुए कहा कि सात दिवस के अंदर कारवाई नही होने पर कार्यालय का घेराव और पुतला दहन किया जाएगा।

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन तहत दीवाली से पहले भिलाई की एक कंपनी को दस लाख से उपर का भुगतान शहर के 19 सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई के नाम पर किया जबकि वहॉ की सफाई नपा कर्मचारी करते आ रहे है।

बदहाल शौचालय खुद अपनी स्थिति बयां कर रहे है, लेकिन भाजपा नेताओं के कहने पर सीएमओ प्रमोद शुक्ला मनमाफिक काम कर रहे है। स्टेशनरी और छापाई काम के लिए तीन लाख से उपर का भुगतान, राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा स्थापना के दौरान आयोजित कार्यक्रम में तीन लाख के आसपास खर्च, पंप मरम्मत के नाम से 9 लाख से उपर का भुगतान, डीजल खपत के नाम से हर महीने डेढ़ लाख रूपए से उपर का खर्च जैसे अनेक मामले है जिसके सीएमओ प्रमोद शुक्ला की भूमिका संदेहास्पद है। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल व्यवस्था को लेकर जल आवर्धन योजना तहत संपादित काम का परीक्षण बाद भुगतान किया जाना था, लेकिन कागजों में योजना का परीक्षण कर सीएमओ ने 57 लाख का भुगतान निर्माण एजेंसी को कर दिया।



#### कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

जिम सामग्री खरीदी में पूर्व नपाध्यक्ष के खिलाफ कारवाई को लेकर कहा कि भाजपा में शामिल होते ही उनके सारे दाग धुल गए। भाजपा को वाशिंग मशीन बताते हुए कहा कि बिना जिम सामग्री खरीदे 37 लाख के भुगतान मामले में तत्कालीन सीएमओ को शासन ने प्रथमदृष्टया जिम्मेदार मानते हुए निलंबित कर दिया है, लेकिन उसी मामले में अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ आज तक कारवाई तय नही हुई जबकि मामले में नपा प्रशासन ने कलेक्टर को प्रेषित प्रतिवेदन में स्पष्ट तौर पर बता दिया है कि उक्त राशि से कोई खरीदी नही हुई है। सीएमओ और अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से बिना सामग्री खरीदे भुगतान हुआ है इसलिए सीएमओ के साथ साथ पूर्व अध्यक्ष व पिपरिया पार्षद शैलेंद्र वर्मा को भी पद से बर्खास्त कर एफआईआर दर्ज किया जाना चाहिए, लेकिन तीन महीने पहले अध्यक्ष चुनाव मे भाजपा का साथ देने के कारण कारवाई नही हो पा रही है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि सात दिनों के भीतर कारवाई सुनिश्चित नही किए जाने पर नपा आफिस का घेराव और पुतला दहन किया जाएगा। इसकी सूचना सहित कारवाई की मांग को लेकर जिला प्रशासन को कांग्रेस ने ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, मिहिर झा, सुनीलकांत पांडेय, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, कपिनाथ महोबिया, नरेंद्र सेन, दीपक देवांगन, दिलीप लहरे, सुमन पटेल, आरती महोबिया, रिंकू गुप्ता, सूर्यकांत यादव, रविंद्र सिंह गहरवार, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, दयाराम पटेल, चंदेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।



# जिले के धान संग्रहण केन्द्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धान संग्रहण केन्द्र दामरी घोटिया, ठेलकाडीह और मदुराकुही का कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने औचक निरीक्षण कर बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संग्रहण केन्द्रों में भंडारण की स्थिति सहित अन्य विषयों की जानकारी ली।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि धान का संग्रहण मदुराकुही और दामरी घोटिया में शुरू हो गया है जहॉ क्रमशः 5 हजार और 12 हजार क्विंटल धान का भंडारण किया जा चुका है जबकि ठेलकाडीह में धान संग्रहण को लेकर व्यवस्था पूरी कर ली गई है। यहां भी जल्द ही धान का भंडारण शुरू हो जाएगा। इस दौरान कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले के तीनों धान संग्रहण केन्द्रों का बेहतरी से उपयोग करने और ज्यादा से ज्यादा धान का भंडारण सुनिश्चित करने जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया।

#### सभी तैयारियां करने के निर्देश

संग्रहण केन्द्रों में ड्रेनेज, कैपिंग, स्केटिंग, बाउंड्री के फेंसिंग, चौकीदारों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि ऐसे खरीदी केंद्रो से धान का उठाव करें, जहां खरीदी के लिए जगह ना बचा हो, ताकि खरीदी के दौरान किसी भी तरह की समस्या न हो। भंडारित धान की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था करने कहा। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहकारी संस्था सहायक पंजीयक रघुराज ठाकुर और जिला विपणन अधिकारी चन्द्रपाल दीवान उपस्थित थे।

# विधायक निधि से हासिपटल में बनेगा शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान के आइसोलेशन वार्ड में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुराने पारित प्रस्ताव के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं 21 नए प्रस्ताव पारित किए गए। पारित प्रस्ताव में तीन मंजिला भवन में फायर सेफ्टी सिस्टम, लिफ्ट, फर्नीचर, ड्रेसर, सिक्योरिटी गार्ड की नियुक्ति, गार्डन का निर्माण आदि शामिल है।

विधायक ने शेड निर्माण एवं अन्य कुछ कार्यों को विधायक निधि से कराने का आश्वासन दिया गया। भवन के लोकार्पण बाद शिफ्टिंग के निर्देश दिए गए। पुराने अस्पताल भवन में ऑफिस संचालन, दवा भंडारण, मीटिंग, स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन हेतु प्रशिक्षण की आदि करने निर्देशित किया गया।



#### शुल्क में मामूली वृद्धि

अस्पताल में होने वाले एक्स-रे, खून जांच एवं अन्य जांच शुल्क में न्यूनतम वृद्धि की गई। अस्पताल प्रबंधन को मरीजों से अच्छा व्यवहार करने और जल्दी उपचार करने निर्देशित किया गया। हार्ट अटैक, एक्सीडेंट आदि के मरीज हेतु मशीन, हार्ट की दवाई एवं उपकरण क्रय करने का प्रस्ताव पारित किया गया। अज्ञात एवं अति गरीब व्यक्तियों की दुर्घटना अथवा बीमारी होने की दशा में रेफर करने की जरूरत होने से निःशुल्क एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जनपद अध्यक्ष, सदस्य कृष्णकांत महोबिया उपस्थित थे। बैठक बाद नवनिर्मित अस्पताल भवन का निरीक्षण किया गया। बैठक में एसडीएम रेणुका रात्रे, बीएमओ डॉ मनीष बघेल, बीपीएम बृजेश ताम्रकार आदि मौजूद थे। संचालन विनय रामटेके ने किया।

### सहायता राशि मंजूर

**खैरागढ़।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 6 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसमें खैरागढ़ तहसील के सोनपुरी निवासी कुमारी चेतना वर्मा की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिसान पिता कौशल वर्मा को 4 लाख, कटंगीखुर्द निवासी कुमारी गुंजन की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर निकटतम वारिसान पिता प्रमोद को 4 लाख और कृष्णा वर्मा की तालाब में डूबकर मृत्यु होने पर निकटतम वारिसान पत्नि रेखा नेताम को 4 लाख रूपयों की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कुकुरमुड़ा निवासी विनोद पाल की मृत्यु आग में जलने से होने पर निकटतम वारिसान पत्नि रेखा पाल के लिए 4 लाख, देवरी निवासी रोशन की कुंए में डूबकर मृत्यु होने पर निकटतम वारिसान माता जानकी बाई के लिए 4 लाख और साल्हेवारा तहसील के ग्राम साल्हेवारा निवासी संतोष पांडे की कुंए में डूबने से मृत्यु होने पर निकटतम वारिसान पत्नि सतरूपा पांडे के लिए 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# फर्जी फर्म खड़ाकर स्टेशनरी सप्लाई आरोप पूरी तरह गलत : विकेश गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ पार्षद ने कांग्रेस के सभी आरोपों को नकारा

राजनैतिक दबाव डालकर स्टेशनरी सामान सप्लाई और छपाई के लिए कोटेशन मंगाने के कांग्रेस के आरोप को सिरे से नकारते हुए तुरकारी पारा पार्षद पति विकेश गुप्ता ने कहा कि नगर पालिका को सामानों की जरूरत थी इसलिए मंगाया होगा। वैसे भी दवाब वाला काम कांग्रेसी करते है भाजपा वाले नही करते है। इससे पहले नगर पालिका में कांग्रेस की सरकार थी उनके नेताओं ने राजनीतिक दबाव बनाकर बिना सामान की सप्लाई किए फर्जी बिल लगाकर लाखों रूपया निकाला है।

बिना जीएसटी बिल के भुगतान को लेकर कहा कि इस बारे मे उन्होंने श्रीराम प्रिंटर्स के प्रोपाइटर दिनेश गुप्ता से चर्चा किया तो उन्होंने बताया की फर्म खुलने के बाद ही पहले गोमास्ता लायसेंस फिर जीएसटी नंबर एलाट होता है। फर्म को बिल की जरूरत पड़ी होगी तो उन्होंने बिल प्रिंट कराया होगा। बिल में जीएसटी नम्बर लिखना जरूरी नहीं होता है। अगर बिल बुक में जीएसटी नम्बर नहीं है तो उसको प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है। भाजपा नेता ने कहा पुराने बिलों को क्लियर किए बिना और सामान सप्लाई को लेकर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि दुकानदार के विवेक पर डिपेंड करता है कि वह पुराने बिल को पहले क्लियर करे या ना करे।

#### सच्चाई आफिस वाले ही बता पाएंगे

नगर पालिका के सरकारी विभाग होने के कारण भरोसा रहा होगा की बिल आज नही तो कल क्लियर हो जाएगा इस कारण पुराने बिल को क्लियर कराए बिना सामान सप्लाई किया होगा। कभी-कभी कोई दस्तावेज, पंजी, स्टेशनरी सामान की अचानक आवश्कता पड़ती है तो आनन-फानन में मांगते है। इसके बारे में ज्यादा जानकारी नपा कर्मचारी ही बता पाएंगे। विधायक प्रवक्ता मनराखन देवांगन द्वारा उनकी जानकारी बिना फर्म के लेटर हैड मे कबीर प्रिंटर्स के कोटेशन जमा करने संबंधी आरोप को लेकर कहा कि प्रिंटर्स संचालक से किसी ने दबावपूर्वक बयान लेकर जारी किया है। वायरल विडियो में दिख रहा है कि उसको पेपर में लिखकर ऐसा बोलने के लिए कहा जा रहा है। बाकी सच्चाई तो आफिस वाले ही बता पाएंगे।

### लछना में हर घर पहुंच रहा पीने का साफ पानी

**खैरागढ़।** जिले के सुदूर वनांचल में बसे गॉव लछना में जल जीवन मिशन तहत अब पीने का साफ पानी घर में ही मिलने लगा है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है लछना गॉव इसका जीवंत उदाहरण है।

सुदूर वनांचल में पहाड़ों के बीच स्थित लछना के रहवासियों को एक समय शुद्ध पेयजल सहित अन्य जरूरतों के लिए दूसरों पानी के स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब जल जीवन मिशन योजना तहत ग्रामीणों को पीने के लिए नल से साफ पानी मिल रहा है। गौरतलब है कि पीएचई द्वारा गॉव के करीब 140 घरों में निवासरत परिवारों को सिंगल विलेज स्कीम के माध्यम से पीने के लिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके चलते अब उन्हें पीने के लिए घर मे ही शुद्ध पानी तो मिल ही रहा है साथ ही पहले बोरिंग व अन्य माध्यमों से कतार में लगकर घंटों अपनी बारी का इंतजार करने की झंझट से भी मुक्ति मिल गई है। लछना से सटे टोला नामक गांव मे भी एक 40 हजार लीटर की क्षमता वाली 12 मीटर ऊंचाई की आरसीसी उच्चस्तरीय पानी टंकी का निर्माण कराया गया और पाइपलाइन का विस्तार पूरे गांव में किया गया है।

सरपंच श्रीमती प्रतिमा वर्मा ने कहा कि पहले पीने सहित अन्य दैनिक उपयोग के काम में पानी की पूर्ति के लिए गांव वालों को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। पानी के लिए जुगत लगाने के चक्कर में दूसरा काम पिछड़ जाता था, लेकिन अब योजना के माध्यम से गांवों में निर्बाध पानी पहुंच रहा है जिससे उन्हें काफी राहत मिल रहा है। घरेलू काम पूरा करने के बाद अन्य काम के लिए समय बच रहा है, साथ ही बच्चों में जल जनित बीमारियों से होने वाले खतरों से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सहित जिला प्रशासन का आभार जताया है।

# देवरी गांव में मिला मानव भ्रूण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के वनांचल में बसे ग्राम देवरी में मानवता को झकझोरने वाली घटना सामने आई है, जहां तालाब में एक नवजात मानव भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंथिक विवेचना बाद भूरण को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है और इस अनैतिक कार्य को अंजाम देने वाले दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे। जानकारी अनुसार सुबह अमलीबांध तालाब में गांव के कुछ लोग पहुंचे तो उन्होंने पानी मे दूर एक अज्ञात वस्तु को तैरते हुए देखा और करीब जाकर जांच की तो वो नवजात मानव भ्रूण निकला। हतप्रभ ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रथम दृष्टया यह मामला अनैतिक कृत्य को छिपाने के उद्देश्य से लगभग पूरी तरह से विकसित हो चुके भूरण को तालाब में फेंकने का प्रतीत होता है। आक्रोशित ग्रामीण इसे मानवता के खिलाफ एक क्रूर घटना मान कृत्य के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे है फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है साथ ही आसपास के अस्पतालों और चिकित्सा केंद्रों से हाल ही में हुए प्रसव के मामलों की जांच कर रही है। यह घटना समाज के लिए एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रही है। लगभग पूरी तरह से विकसित भूरण को इस तरह तालाब में फेंकना अमानवीय है, बल्कि यह समाज में बढ़ती संवेदनहीनता का भी संकेत है।

#### जांच जारी है

हम हर पहलू से इस घटना की जांच कर रहे है। नवजात के माता-पिता की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। - **अनिल शर्मा,** थाना प्रभारी

# भाजपा की कथनी करनी बाद चाल - चरित्र चेहरा उजागर



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नपा में स्टेशनरी सप्लाई और छपाई काम में बिना जानकारी दिए कबीर आफसेट के नाम से कोटेशन जमा करने के आरोप मे घिरे तुरकारी पारा पार्षद पति की कालेज अध्यक्ष के रूप मे नियुक्ति को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भाजपा को जमकर कोसा।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि फरवरी 2023 में धारा 109 और मार्च 2024 में जुआ एक्ट के आरोपी को शिक्षा के मंदिर की जिम्मेदारी देकर भाजपा की कथनी करनी मे भिन्नता के बादचाल चरित्र चेहरा को लेकर भी जनता सवाल पूछ रही है। उन्होंने कहा कि नपा में स्टेशनरी सप्लाई और छपाई काम का टेंडर हासिल करने अपने सगे भाई के नाम से फर्म खोलकर काम हासिल करने वाले पार्षद पति और भाजपा नेता ने कोटेशन का कोरम पूरा करने जिस फर्म कबीर आर्फसेट के नाम से भावपत्र जमा किया था उसकी जानकारी फर्म संचालक को भी नही है। संचालक के इस बयान का खुलासा करने के बाद उन पर आरोप यह प्रमाणित हो रहा कि काम हासिल करने भ्रष्टाचार की नीयत से भाजपा नेता ने फर्जी काम किया है। इसके अलावा पूर्व मे फरवरी 23 मे सटोरिया मिलिंद्र सिंह द्वारा खाईवाल के रूप में चिंहित करने के बाद धारा 109 के आरोपी और इसी साल मार्च महीने में बाजार अतरिया और उदयपुर में सट्टा पट्टी लिखने वालों की खाईवाल के रूप मे उसके नाम की स्वीकारोक्ति बाद जेल जाने से बचने चार दिन तक सिविल अस्पताल में भरती रहने वाले और अब जमानत में बाहर घूम रहे भाजपा नेता को सोमवार को रानी रश्मिदेवी सिंह कालेज में जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष मनोनीत कर भाजपा के बड़े नेताओं ने भी प्रमाणित कर दिया है कि उनकी कथनी करनी मे अंतर है।

अपराध में लिप्त व्यक्ति को शिक्षा के मंदिर का अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि वो अपराधियों को पूरा सरंक्षण देकर पोषित कर रही है।

#### भाजपा वाशिंग मशीन, हर दाग धुलने की गारंटी

कांग्रेस के पूर्व नपाध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा के खिलाफ मुखर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि 37 लाख का घोटाला करने वाला व्यक्ति भाजपा में शामिल होने के बाद बेदाग हो गया है। भाजपा को वाशिंग मशीन बताते हुए कहा कि अपराध करो और कारवाई से बचने शामिल हो जाओ इस नीति पर भाजपा चल रही है। तभी तो कांग्रेस राज में जिम सामग्री की फर्जी खरीदी दिखाकर 37 लाख सरकारी रूपयों का गबन करने वाले तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ साक्ष्य सहित शिकायत आवेदन देने के बाद भी कोई कारवाई नही हो पा रही है जबकि इसी मामले मे कांग्रेस शासनकाल के दौरान सीएमओ को निलंबित कर दिया गया है। विधायक प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि प्रिंटर्स की दुकान चलाने वाले उक्त भाजपा नेता ने धान खरीदी केंद्रों में बड़े पैमाने में सुतली और रंग भी सप्लाई किया है उसका भी खुलासा मय प्रमाण जल्द करेंगे।

### वकीलों ने मनाया अधिवक्ता दिवस

# पारिवारिक सदस्य हैं सभी अधिवक्ता: यशोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

न्यायालय में एक दूसरे के विपक्ष में खड़े होना बहुत कठिन कार्य है जिसे वकील बखूबी कर रहे हैं। वकीलों ने लोगों को न्याय दिलाने हमेशा इमानदारी से कार्य किया है। यह बातें व्यवहार न्यायालय में आयोजित अधिवक्ता दिवस कार्यक्रम में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा। शुरुवात में अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रज्जू महोबिया ने स्वागत भाषण दिया। श्री महोबिया ने बताया कि प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर अधिवक्ता दिवस मनाया जाता है। वह पहले व्यक्ति थे जिन्हें दोबारा राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ।



#### वकीलों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में मोतीलाल जंघेल, नीलांबर वर्मा, नारायण सिंह कोशरिया, अरविंद शर्मा, शिवेन्द्र किशोर दास, गजेन्द्र ठाकरे, सज्जाक खान, रविसिंह केसरिया, धनराज ताम्रकार, सतीश सिंघनिया, भगवानी वर्मा, प्रतिमा महोबिया, पवन चंद्राकर, चैवेन्द्रसिंह ताम्रकार, संदीप जैन, रमाकांत चौबे, गोविंद जंघेल, नंदकुमार चंदेल, नितिन महोबिया, सत्या सोनी, अशोक चंदेश्वर, राजेश सेन, सौरभ श्रीवास्तव, हेमंत वैष्णव, पारस वर्मा, रोहित वर्मा, राजेश चतुर्वेदी, दिलीप वैष्णव, रोशन मानिकपुरी सहित अन्य मौजूद थे। संचालन मनोज चौबे और आभार प्रदर्शन सौरभ श्रीवास्तव ने किया।

#### अधिवक्ताओं का सम्मान

कार्यक्रम में अधिवक्ता नारायण कोशरिया, मोतीलाल जंघेल, अरविंद शर्मा, शिवेंद्र किशोर दास, गजेंद्र ठाकरे को साल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने अधिवक्ता संघ के वर्तमान अध्यक्ष रज्जू महोबिया का आभारी जताते हुए कहा कि वकीलो के बिना न्याय व्यवस्था अधूरी है। अधिवक्ता अरविंद शर्मा ने कहा कि हम पक्षकारों को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय में लड़ते हैं लेकिन बाहर एक हो जाते है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन न्यायधीश भानुप्रसाद त्यागी के प्रयास से यहां भवन निर्माण कराया गया है। विधायक के सहयोग से भवन संवर गया है। बार रूम में सारी सुविधा है। इस मौके पर अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर दास, एमएल जंघेल ने संबोधित किया।

## सार समाचार

### जिला हॉकी संघ परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** जिले के निर्माता पं. किशोरीलाल शुक्ला के सुपुत्र व शहर के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी एवं जिला हॉकी संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. गिरीश



शुक्ला के अकास्मिक निधन पर जिला हॉकी संघ परिवार राजनांदगांव ने गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में एक शोकसभा आयोजित कर स्व. पं. गिरीश शुक्ला को हॉकी के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए गए योगदान को याद करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवार को दुख सहन व शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। छत्तीसगढ़ एवं जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने स्व. शुक्ला को श्रद्धांजलि देते कहा कि नगर में हॉकी नर्सरी में स्व. शुक्ला का हॉकी के प्रति अविस्मरणीय योगदान रहा है। चाहे अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता हो या स्थानीय हॉकी क्लब के संचालन हो, हर क्षेत्र में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई तथा उनके अध्यक्ष कार्यकाल में जिला हॉकी संघ की टीम ने ख्याति प्राप्त टूर्नामेंट में भाग लेकर अनेक उपलब्धि प्राप्त की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने एवं उपस्थित लोगों में जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, भूषण साव, वरिष्ठ हॉकी खिलाडी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया, छोटेलाल रामटेके, महबूब कुरेशी, अनिल यादव, भागवत यादव, अशोक नागवंशी, चंदन भारद्वाज, ऑशा थॉमस, गणेश प्रसाद शर्मा, अब्दुल कादिर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, विरेन्द्र सिंह भाटिया, ज्ञानचंद जैन, कुमार स्वामी, मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अनुराज श्रीवास्तव, अजय झा, प्रकाश, अशोक यादव, राजू रंगारी, किशोर धीवर, योगेश द्विवेदी, शब्बीर सोलंकी, शकिल अहमद, मुकेश जायसवाल, सचिन खोबरागड़े सहित अन्य पदाधिकारी एवं हॉकी खिलाड़ी उपास्थित थे।

### महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**राजनांदगांव।** नक्सल सप्ताह के दौरान महिला माओवादी ने महाराष्ट्र गढ़चिरौली पुलिस बल और सीआरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण किया है, जिस पर महाराष्ट्र सरकार ने दो लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार वर्ष 2005 से सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के कारण और हिंसा के जीवन से तंग आकर वरिष्ठ माओवादियों समेत कई कट्टर माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया हैं। साथ ही आत्मसमर्पित माओवादियों के लिए पुलिस बल द्वारा चलाए जाने वाले पुनर्वास योजना के चलते अब तक कुल 679 माओवादियों ने गढचिरौली पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण किया है। 2 दिसंबर को तारा ऊर्फ शारदा ऊर्फ ज्योती दस्सा कुळमेथे 28 साल महिला माओवादी ने नक्सल सप्ताह के दौरान गढ़चिरौली पुलिस बल और सीआरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण किया है।

### रोजगार कार्यालय में 4 को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 4 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में उत्कर्ष लाइट्स केदारबाड़ी सतनाम भवन डोंगरगढ़ राजनांदगांव द्वारा इलेक्ट्रीशियन के 50 पद (केवल पुरूष) एवं मोबाईल डाटा ऑपरेटर के 50 पद, सनसूर श्रुष्टि इंटरप्राजेस बजरंग चौक तुलसीपुर राजनांदगांव द्वारा ऑफिस असिस्टेन्ट के 1 पद (केवल महिला) एवं खादी प्रोडक्ट मार्केटिंग 35 पद, पुनाराम सिन्हा सीएलआईए भारतीय जीवन बीमा निगम चिचोला राजनांदगांव द्वारा एलआईसी बीमा सखी के 100 पद (केवल महिला), टेक्नोटास्क बिजनेस सॉलुशन प्राईवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 400 पद (केवल पुरूष) के लिए भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने वाले इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंध

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 16 से 20 दिसंबर तक षष्ठम् विधानसभा के चतुर्थ सत्र के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, स्थगन प्रस्तावों की जानकारी समय-सीमा में भेजने अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के अवकाश एवं मुख्यालय से बाहर नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी विभाग व जिला प्रमुख को कार्यालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा उनके नाम, पदनाम, दूरभाष नंबर एवं मोबाइल नंबर की जानकारी कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव को तत्काल प्रेषित करने कहा है। इसके साथ ही कार्यालयीन दिवसों के अतिरिक्त कार्यालय में अवकाश के दिनों में पर्याप्त लिपिक एवं भृत्य की ड्यूटी लगाने निर्देशित किया है।

### सुधीर व रूपेश को जबलपुर में मिला 5-5 लाख का ग्रांट

**राजनांदगांव।** मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले



संस्कारधानी के दो नवाचारी युवा उद्यमियों को बीते दिनों मध्यप्रदेश के जबलपुर में पांच-पांच लाख रुपए का ग्रांट दिया गया। ज्ञात हो कि जवाहर आरबीआई कोहोर्ट 5.0 के एग्री स्टार्टअप्स के साथ इन युवा उद्यमियों का एमओए हुआ है। जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में संस्कारधानी के सुधीर मिश्रा एवं रूपेश चौबे को यह ग्रांट मिला। दोनों ही युवा एमजी मशरूम एवं गोकुल ग्रामोद्योग के नाम से कंपनी का संचालन करते हैं और अपने इस क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर युवाओं को उपलब्ध कराते हैं। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने कहा कि आप सभी के स्टार्टअप्स अपने नए-नए आईडियाज एवं रोजगार के साधन तैयार करने दूसरों के लिए उदाहरण बन रहे हैं।

---


### विस अध्यक्ष पारीखुर्द में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

# छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर : रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पारीखुर्द में 2 करोड़ 64 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कार्यक्रम में 1 करोड़ 60 लाख रुपए के लोकार्पण एवं 1 करोड़ 4 लाख 60 हजार रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि यहां जो भी विकास कार्य संपादित किए जा रहे हैं, वे सभी गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यहां निर्मित सामुदायिक भवन एवं नया ग्राम पंचायत भवन सुसज्जित एवं सुरूचिपूर्ण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में 15 वर्षों तक राज्य की सेवा करने का अवसर मिला। वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश एवं प्रदेश की जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है, जो देश के किसी अन्य राज्यों में सर्वाधिक है।



**महिला समूह को 6-6 लाख के ऋण चेक**

इसी तरह भूमिपूजन कार्य में 60 लाख रुपए के सीसी रोड निर्माण, 19 लाख 45 हजार रुपए के हाट बाजार विकास कार्य, 4 लाख 50 हजार रुपए के निर्मलाघाट व टो-वॉल निर्माण, 4 लाख रुपए के सामुदायिक शौचालय, 10 लाख रुपए के सामुदायिक क्षेत्र संरक्षण, संवर्धन एवं सौंदर्यकरण कार्य, 1 लाख रुपए के व्यवसायिक परिसर के सामने शेड निर्माण, 5 लाख 81 हजार रुपए के नाली निर्माण शामिल है। कार्यक्रम में 3 महिला स्वसहायता समूह को 6-6 लाख रुपए के ऋण चेक प्रदान किया गया।

महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की कर रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ शासन की बागडोर विष्णुदेव साय के हाथ में है। उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य निरंतर उन्नति के पथ पर बढ़ रहा है। इस अवसर पर पारीखुर्द सरपंच बुधेश्वर साहू ने अतिथियों का स्वागत किया और ग्राम पंचायत में कराए गए विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर खूबचंद पारख, रमेश पटेल, प्रतिक्षा भण्डारी, भरत वर्मा, संतोष अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर पारीखुर्द सरपंच बुधेश्वर साहू ने अतिथियों का स्वागत किया।

**कार्यों के लिए राशि स्वीकृत**

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कार्यक्रम में 1 करोड़ 60 लाख रुपए के लोकार्पण एवं 1 करोड़ 4 लाख 60 हजार रुपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। लोकार्पण किए गए कार्यों में 80 लाख रुपए के आंगनबाड़ी से मुक्तिधाम पहुंच मार्ग तक सीसी रोड, 26 लाख 63 हजार रुपए के सामुदायिक भवन निर्माण, 18 लाख 54 हजार रुपए के नवीन ग्राम पंचायत भवन, 4 लाख रुपए सामुदायिक भवन, 3 लाख रुपए के रंगमंच निर्माण, 7 लाख 25 हजार रुपए के मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय रोड निर्माण, 5 लाख रुपए के मैदान कांक्रीटीकरण पंचायत के पास, 5 लाख रुपए के शीतला मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण, 5 लाख रुपए के आंतरिक विद्युतीकरण कुसमी ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग, 5 लाख रुपए के सोलर लाईट, 2 लाख 50 हजार रुपए के पाईप लाइन विस्तार शामिल है।

---

### महतारी शक्ति ऋण योजना से प्रदेश की महिलाएं होंगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए



एक और योजना शुरू की है। महतारी वंदन के बाद महिलाओं के हाथों को मजबूत करने महतारी शक्ति ऋण योजना की पहल की जा रही है। जिसके तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 25 हजार का ऋण बिना किसी औपचारिकता के उपलब्ध कराया जाएगा।

राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने इस निर्णय का स्वागत करते कहा कि मुख्यमंत्री साय प्रदेश की प्रत्येक महिला के प्रति प्रतिबद्ध है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 की सहयोग राशि महिलाओं के खाते में भेजकर बड़े भाई की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं अब मातृशक्ति को स्वरोजगार देने महतारी शक्ति ऋण योजना ला रहे हैं।

उन्हें बिना किसी औपचारिकता के 25 हजार रुपए का ऋण मिलेगा। जिससे वे अपना स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर सकेंगी। यह निर्णय प्रदेश की महतारियों को सशक्त बनाएगा। श्रीमती साहू ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

---

## पट्टा नहीं मिलने पर निगम चुनाव बहिष्कार करने की दी चेतावनी

**राजनांदगांव।** शहर के लखोली वार्ड स्थित संतोषी नगर से बड़ी संख्या में वार्डवासी कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और पट्टा दिए जाने की मांग की। वहीं शीघ्र पट्टा नहीं दिए जाने पर उन्होंने आगामी नगरीय निकाय चुनाव बहिष्कार किए जाने को लेकर चेतावनी दी है।

संतोषी नगर वार्ड नंबर 35 के निवासियों ने कहा कि वे लगभग 40 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें आवासीय पट्टा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यहां लगभग दो-ढाई सौ परिवार हैं, जो लगातार पट्टे की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो रही है। बार-बार मांग करने के बाद भी पट्टा नहीं मिलने पर आक्रोश जताते संतोषी नगर वार्ड के लोगों ने कहा कि पट्टा नहीं मिलने की वजह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी उन्हें नहीं मिल रहा है। ऐसे में अगर शीघ्र पट्टा नहीं मिला तो वह आगामी नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे।



**दफ्तरों के काट रहे चक्कर**

पट्टे की मांग को लेकर कलेक्टर से फरियाद करने पहुंचे लखोली संतोषी नगर वार्ड के हन्नु सिंह और वर्षा श्रीवास ने कहा कि वार्ड के लोग वर्षों से नगर निगम और कलेक्टोरेट कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। पार्षद से लेकर शासन स्तर पर भी आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इसी वार्ड में अन्य जगहों पर पट्टा लोगों को मिला है, लेकिन यहां अब तक पट्टा नहीं दिया गया है।

---

## छत्तीसगढ़ की मम्तेश्वरी का महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

- 5 से 20 दिसंबर तक बैंगलोर में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ की उदीयमान हॉकी खिलाडी मम्तेश्वरी लहरे का चयन सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर 5 से 20 दिसंबर तक सांई सेन्टर बैंगलोर में आयोजित है। शिविर में सीनियर महिला इंडिया टीम के खिलाड़ी भाग लेंगे। जिसमें लगभग 35 खिलाड़ियों का चयन उक्त प्रशिक्षण के लिए किया गया है।

छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि मम्तेश्वरी लहरे का चयन उक्त प्रशिक्षण शिविर के लिए विगत दिनों आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका हॉकी चैम्पियनशिप 30 अक्टूबर से 10 नवंबर 2024 स्थान रॉंची (झारखंड) में उनके उत्कृष्ठ खेल के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।



छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मम्तेश्वरी लहरे वर्तमान में स्पोटर्स अकादमी रायपुर में प्रशिक्षणरत है। इसके पूर्व लगभग 3 वर्ष तक स्टेट एक्सलेंसी बिलासपुर में प्रशिक्षणरत थी। मम्तेश्वरी की इस उपलब्धि पर सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, रमेश पटेल, फिरोज अंसारी, मनीष श्रीवास्तव, शिवनारायण धकेता, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, नरेश डाकलिया, भूषण साव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, नीलमचंद जैन, अनिल यादव, ज्ञानचंद जैन, ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अनुराज श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटिया, मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकिल अहमद ने शुभकामनाएं दी है।

---

## साइंस कॉलेज प्राचार्य बघेल को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल को 30 नवंबर 2024 को शासकीय सेवा में अर्द्धवार्षिकी आयु (सेवानिवृत्ति) पूर्ण करने पर महाविद्यालय द्वारा भावभीनी बिदाई की गई। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल व उनके परिवार का पुष्पाहार व गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निर्मला उमरे ने प्राचार्य के कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को प्रस्तुत किया। महाविद्यालयीन सेवा में 42 वर्ष व्यतीत किए, महाविद्यालय को विकास की ऊंचाई पर पहुंचाने में



डॉ. बघेल का बहुत बड़ा योगदान है। वाणिज्य विभाग डॉ. एएन माखीजा ने कहा कि महाविद्यालय ने 2017 में नैक द्वारा प्रथम चक्र व 2023 में द्वितीय चक्र का मूल्यांकन कराया है। कम स्टॉफ होते हुए भी छत्तीगढ़ में स्नातक स्तर पर उल्लेखनीय रहा।

समाजसेवी सचिन बघेल ने कहा कि प्राचार्य डॉ. बघेल समय की बहुत पाबंद है। कार्य के प्रति हमेशा जागरूक रही, उनका प्रेमभरा व्यवहार ने सभी को अपना बना लिया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने डॉ. बघेल के कार्यकाल को याद किया व भविष्य में भी कॉलेज के लिए बहुमूल्य सहयोग व मार्गदर्शन देते रहने की अपील की। डॉ. एसआर कन्नोजे ने डॉ. बघेल के शैक्षणिक गतिविधियों का परिचय दिया। लगातार 15 वर्ष प्राचार्य पद का अनुभव रहा। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि महाविद्यालय के विकास में सभी का योगदान रहा है। सभी ने अपने कर्तव्यों में महाविद्यालय को उच्च स्थान दिया है। सभी को दिल से याद करते धन्यवाद दिया। महाविद्यालय परिवार की ओर से उनके योगदान के लिए स्मृति चिन्ह व गिफ्ट प्रदान किया गया। उनके सम्मान में रात्रि भोज दिया गया। इस अवसर पर डॉ. बघेल के परिवार के सदस्य महाविद्यालय के भूतपूर्व अधिकारीगण, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय एवं शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय के उनके मित्र व सहयोगी उपस्थित रहे।

---

## सिंगल यूज प्लास्टिक जब्ती की कार्रवाई जारी



- 5 हजार जुर्माना एवं पानी पाउच बोरी, डिस्पोजल व पालिथीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर को स्वच्छ सुंदर एवं पालीथिन मुक्त करने नगर निगम द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए निगम का स्वास्थ्य अमला शहर के दुकानदारों व नागरिकों को साफ-सफाई रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस देने के साथ-साथ कार्रवाई भी कर रहे हैं।

कार्रवाई की कड़ी में गुरुवार को स्वास्थ्य अमला ने मोहारा रोड फ्लाई ओवर के नीचे के 15 दुकानदारों से 5 हजार रुपए जुर्माना वसूल, 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 900 ग्राम पालिथीन की जब्ती की।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिए कार्रवाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पर्यावरण संवर्धन एवं नागरिकों तथा जानवरों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य में दुष्प्रभाव से बचाने शासन निर्देश के अनुक्रम में शहर के व्यापारियों एवं नागरिकों से प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने, साफ-सफाई रखने तथा कपड़े का थैला उपयोग करने समझाईस दी जा रही है तथा उपयोग पर कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में गुरुवार को निगम का स्वास्थ्य टीम ने मोहारा फ्लाई ओवर के नीचे के 15 दुकानों पर कार्रवाई कर 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया तथा 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 900 ग्राम पालिथीन जब्त की। इसी प्रकार कार्रवाई करते गत दिनों गुरूद्वारा रोड के 10 फल ठेला वालों से 1 किलो 5 सौ ग्राम प्रतिबंधित पालिथीन जब्ती कर 1 हजार 8 सौ रुपए जुर्माना लगाया था। इसी तरह तुलसीपुर, ममता नगर व मोतीपुर के किराना व अन्य व्यवसायियों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिए कार्रवाई कर 10 दुकानदारों से 5 हजार 7 सौ रुपए जुर्माना वसूल कर 4 किलो पालिथीन, डिस्पोजल की जब्ती बनाया। उक्त कार्रवाई जारी रहेगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि आज प्लास्टिक के कारण पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। जिसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर भी हो रहा है। साथ ही जानवर के पालीथिन खाने पर उनके शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इन बातों को ध्यान में रखकर शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसे ध्यान में रखते हमें भी इस कार्य में सहयोग करना है।

---

## स्टेट हाईस्कूल का टी-20 आरसीए कप पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में कमला कॉलेज मैदान में इंटर स्कूल में आरसीए का पहला टी-20 प्रतियोगिता का फाईनल मैच शंकरा विद्यालय हुड़को भिलाई एवं स्टेट हाईस्कूल के मध्य खेला गया।

टॉस जीतकर स्टेट हाईस्कूल के कप्तान रूद्रांश तिवारी ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ओपनिंग जोड़ी के रूप में सूर्य परिहार एवं सोमेश्वर नेताम उतरे। पहला विकेट 0 रन पर तेज गेंदबाजों को मदद कर सूर्य परिहार को भिलाई के तेज गेंदबाज ईशवेन्द्र तिवारी विकेट कीपर शिवेन्द तिवारी के हाथों कैच कराया। क्रमशः रोहन नेताम 14 रन, खिलेश सोनकर 09 रन, रूद्रांश तिवारी 64 रन पूरी टीम 20 ओवर खेलकर 122 रन में ऑल आऊट हो गई।



शंकरा विद्यालय हुडको भिलाई की गेंदबाजी सोहम 01 विकेट, गुनराज सिंग 01 विकेट, सहठिया 01 विकेट, शिवेश तिवारी 01 विकेट। लक्ष्य का पीछा करते शंकरा विद्यालय हुडको भिलाई की टीम की ओपनिंग जोड़ी मैदान में उतरी। टीम की ओपनिंग जोड़ी में एस. तरूण साइ एवं आदित्य कनौरिया पहला विकेट जल्दी गिर गया। स्टेट हाईस्कूल के गेंदबाज आयान की गेंद का एलबीडब्ल्यू आऊट हो गया। क्रमशः एस. तरूण साइ 18 रन, आदित्य कनौरिया 07 रन पूरी टीम 117 रन बनाकर ऑल आऊट हो गई।

स्टेट हाईस्कूल की ओर से गेंदबाजी करते रूद्रांश तिवारी 02 विकेट, सूर्य परिहार 02 विकेट, देवा साहू 01 विकेट, रूद्रांश तिवारी ने 64 रन, 02 विकेट से मैन ऑफ द मैच मिला। स्टेट हाईस्कूल 05 रन से विजयी हुई।

फाईनल मैच के अंपायर अन्तु करांडे एवं खगेश मुख्य अतिथि भिलाई के तेलगु मन्नेवार समाज के अध्यक्ष दिलीप कुमार दामले द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस टूर्नामेंट में आरसी कप के मैच स्पॉन्सर अरिहंत वस्त्रालय भारत माता चौक द्वारा मेडल और ट्राफी दिया गया। प्रथम पुरस्कार स्टेट हाईस्कूल को 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार शंकरा विद्यालय भिलाई 3001 रुपए, शंकरा विद्यालय भिलाई के 182 रन, 02 विकेट शिवेन्द्र तिवारी को 500 रुपए मनोज वर्मा स्टेट प्लेयर द्वारा दिया गया। फाईनल में मैन ऑफ दी मैच रूद्रांश तिवारी को 501 रुपए, प्रत्येक मैच के मैन ऑफ दी मैच के कैश प्राइज सैंकी बग्गा द्वारा दिया तथा अंपायर को 1500 रुपए, स्कोरर को 300 रुपए कैश प्राइज दिया गया। इस टूर्नामेंट में यश ठाकुर, सैंकी बग्गा, मनोज वर्मा का सहयोग प्राप्त हुआ। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर संदीप शुक्ले को शुभकामनाएं दी।

---

## पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने सीखा वीडियो और फोटोग्राफी के गुर



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के नेतृत्व में पत्रकारिता विभाग द्वारा विस्तार गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर में शैक्षणिक भ्रमण किया।

साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी कौशल पर तीन दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव शर्मा, कुल सचिव सुनील कुमार शर्मा, छत्तीसगढी फिल्म निर्माता एवं राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मनोज वर्मा, रिसोर्स पर्सन वरिष्ठ पत्रकार रूपेश यादव, जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, मीडिया प्रबंधन एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी, पब्लिक रिलेशन विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, पत्रकारिता विभागाध्यक्ष पंकज नयन पांडे, सह प्राध्यापक डॉ. निपेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अशोका के विद्यार्थियों ने जीता पदक



**हरिभूमि कवर्धा।** अशोका पब्लिक स्कूल के छः विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय सब जूनियर ओपन कराटे प्रतियोगिता में पदक जीत कर कवर्धा नगर व शाला परिवार को गौरान्वित किया। इस प्रतियोगिता में छात्र नैतिक निषाद, अक्षर देशलहरे व आयुष तुरकरने स्वर्ण पदक जीता साथ ही साथ वैभव साहू, आशीष केशरवानी व दक्ष देशलहरे ने रजत पदक जीता। अशोका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों से स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी दिल्ली में होने वाले नेशनल प्रतियोगिता में खेलेंगे। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन एवं श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

### जिला भाजपा की कार्यशाला बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** संगठन महापर्व 2024 अंतर्गत भाजपा कबीरधाम जिला संगठन का कार्यशाला का बैठक विधायक श्रीमती भावना बोहरा व जिलाध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें जिला एवं मण्डल पदाधिकारी सम्मिलित हुए भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर से लेकर जिला मण्डल तक संगठनात्मक चुनाव की नए शिरे से तैयारी है इसके बकायदा 02 सितंबर 2024 से सदस्यता महाअभियान चलाया, जिसमें भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने लगभग 9 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था, देश में अब तक लगभग 7 करोड़ से भी ऊपर लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। वही छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 60 लाख से भी ऊपर लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण ली इस सदस्यता अभियान पश्चात अब राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ प्रदेश, जिला एवं मण्डल व बूथ इकाई की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो गई, जिसमें प्रदेश भर में बूथ इकाई गठन की कार्य पूर्ण हो गया है अब मण्डल अध्यक्षों का 1 से 15 दिसंबर के बीच तक चुनाव होना है, इसी तारतम्य में सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय कवर्धा में कार्यशाला को बैठक आयोजित हुई संगठन महापर्व के तहत होने जा रहे संगठनात्मक चुनाव एवं अन्य गतिविधियों पर विस्तार से विचार विमर्श की गई। इस बैठक व परिचर्चा के दौरान भाजपा कुण्डा मण्डल कार्यशाला बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक साहू, विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं मण्डल अध्यक्ष कुण्डा मुकेश ठाकुर सहित जिला पदाधिकारी एवं सभी मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित थें।

### हरीतिमा टीम ने नई जर्सी लॉन्च की



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा की हरीतिमा टीम ने ठंड से बचने के लिए नई जर्सी-जैकेट का अनावरण किया। हरीतिमा टीम ने जर्सी का अनावरण करते हुए टीम के आधार स्तम्भ संजय सलूजा ने बताया कि नए ड्रेस का अनावरण करना सम्मान व खुशी की बात है। कवर्धा शहर को हरा-भरा करने में हरीतिमा टीम का प्रयास भारी प्रशंसनीय एवं सराहनीय पहल है। यह हिंदुस्तान की पहली टीम हैं जो सर्दी, गर्मी व बरसात में रोजाना पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रही है। संस्थापक सदस्य राकेश जोशी एवं अनिल लूनिया ने बताया कि हरियाली का प्रतीक, हरीतिमा टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। लगातार 2 माह निरंतर सेवा देने के पश्चात ही उनको हरीतिमा का नियमित सदस्य माना जाता है। सभी सदस्य इसे पहनकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते है। इसे पहनकर सदस्यों के बीच अपनेपन को बढ़ावा मिलता हैं और सदस्य दोगुनी उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने काम पर लग जाते है। ड्रेस कोड सभी सदस्यों को कार्यस्थल पर अपनेपन और भाईचारे का एहसास दिलाता हैं, इस अवसर पर टीम हरीतिमा के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विधायक को एक वर्ष की कार्यकाल पूर्ण होने पर क्षेत्र की कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की कार्यकाल का सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र की कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। मंगलवार को विधायक श्रीमती भावना बोहरा की एक वर्ष की सफलतम कार्यकाल पूर्ण हुई, श्रीमती भावना बोहरा की सफलतम एक वर्ष की कार्यकाल पूर्ण होने पर कुण्डा मण्डल भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके निज निवास पहुंच कर श्रीमती भावना बोहरा को गुलदस्ता भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पाण्डेय, सेवा सहकारी समिति महली अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर, बघर्रा सोसायटी अध्यक्ष नकुल सागर, सभापति अश्वनी यदु, सरपंच छीतापार जेठू निर्मलकर, पंडरिया सोसायटी अध्यक्ष भास्कर देवांगन, रितेश ठाकुर, चंदरू सोनी, सुमित तिवारी, प्रदीप गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

---

उपमुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मनोनीत अध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाएं दीं

# सेवा सहकारी समितियां विकास कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैः डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा के सेवा सहकारी समिति के नवनियुक्त मनोनीत अध्यक्षों ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का भव्य स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नवनियुक्त मनोनीत अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं साथ ही साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में पहुंचने पर नवनियुक्त मनोनीत अध्यक्षों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खुमरी पहनाकर और खेती-किसानी के प्रतीक नांगर व लाठी भेंटकर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा सहकारी समितियां ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि नए अध्यक्ष अपने कार्यकाल में किसानों और ग्रामीण समुदायों के कल्याण के लिए समर्पित रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्षों का सबसे बड़ा कर्तव्य यह है कि वे किसानों और ग्रामीण समुदाय की सेवा को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण विकास का आधार हैं और इनका प्रभावी संचालन ही क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को जिन भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनकी शिकायतें सुनकर त्वरित समाधान करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के विकास और उनकी आय बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। राज्य में लगभग 32 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है। विपणन वर्ष 2023-24 में 24.75 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य 144.92 लाख मीट्रिक टन धान बेचा और किसानों को 31,913 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 12 जनवरी 2024 को 24 लाख 75 हजार किसानों को धान के मूल्य की अंतर राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए का भी भुगतान किया गया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ देश का एकलौता राज्य है जहां किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



### क्षेत्र में लगातार विकास किया जा रहाः श्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कहा कि कवर्धा क्षेत्र का लगातार विकास किया जा रहा हैं जिसमें चौक चौराहों सहित अनेक निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज का जल्द ही भूमिपूजन किया जाएगा। किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए लोहारा क्षेत्र में जलाशय, नहर निर्माण का कार्य जल्द की किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले सभी दिव्यांग जनो को मोटर साइकिल देने का लक्ष्य है। अभी तक 30 दिव्यांग जनों को मोटर साइकिल प्रदान किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अध्यक्षों से कहा कि वे अपने कार्यकाल में किसानों और ग्रामीण समुदाय के कल्याण के लिए समर्पित रहें।

---

# राज्य स्तरीय सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों का दबदबा



■ जिले के खिलाड़ियों ने जीते 39 पदक, 23 स्वर्ण, 18 रजत व 11 कास्य पदक प्राप्त किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

दो दिवसीय राज्य स्तरीय सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई के महिला महाविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमे राज्य भर के 275 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे जिले से आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में 47 खिलाड़ियों ने भाग लिए जिसमे बालिका कराटे वर्ग में प्रथम लिजा जाखड़, सरस्वती शर्मा, मधुरी यादव, द्वितीय मिली सोनी, उर्वी चंद्रवंशी, सांभवी चौधरी व तृतीय यालिया कश्यप, अंशिका चंद्रवंशी तथा कुमिते में प्रथम प्रेरणा सिंह राजपूत, स्वरा चंद्रवंशी, मिली सोनी, उर्वी चंद्रवंशी, मधुरी यादव, दिव्यांशी कुसरे, सांभवी चौधरी व द्वितीय लिजा जाखड़, नित्या श्रीवास, अंशिका चंद्रवंशी, स्वेक्छा तिवारी तथा तृतीय अदिति शर्मा, अक्षरा पवार, माही केराम, आद्या शर्मा वहीं बालक वर्ग में प्रथम कुणाल जायसवाल, आदविक राय, फाइज रजा बेग, द्वितीय सुधांशु चंद्रवंशी, भव्य श्रीवास तथा तृतीय प्रायूष भुआर्य, कुमिते प्रथम एकांश चंद्रवंशी, नैतिक निषाद, भव्य श्रीवास, वीरेन्द्र खुसरे, प्रायूष भुआर्य, तेजस्वत यादव, अक्ष देशलहरा, दुर्गेश खुसरे, आयुष तुरक्कर, फाइज रजा बेग एवं द्वितीय वैभव साहू, अबीर तम्बोली, विनय चौरसिया, डेविड भास्कर, अय्यान शेख, काव्यांश साहू, दक्ष देशलहरा, आशीष केशरवानी, वंश चौधरी एवं तृतीय सुधांशु चंद्रवंशी, जयवीर पाटले, दिव्या रघुवंशी, आदविक राय इस प्रकार जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 39 पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ी दिल्ली में 14 व 15 दिसम्बर को होने वाले सब जूनियर नेशनल कराते प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ियों ने अपने अनुभव और कड़े प्रयास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जो आगामी प्रतियोगिता में इनके अनुभव का लाग मिलेगा।

जिसमें सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन पर जिला कराते संघ के पदाधिकारी गण, अभिभावक गण एवं सभी खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

---

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अल्पकालीन रायपुर प्रवास आज विशेष विमान से आगमन



**हरिभूमि कवर्धा।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का 4 दिसम्बर बुधवार को अल्पकालीन रायपुर प्रवास होगा। उनका आगमन विशेष विमान से प्रातः 11 बजे रायपुर विमानतल पर होगा, जहां सैकड़ों भक्त ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत करेंगे। शंकराचार्य मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि विमानतल से शंकराचार्य सीधे बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम जाएंगे, जहां वे माता राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के दर्शन और पूजन करेंगे। आश्रम में अल्प विश्राम के पश्चात वे भक्तों को आर्शीवचन देंगे। इसके बाद स्वामी का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शगुन फार्म हाउस, फुल्हड़ में होगा, जहां वे विशेष रूप से आयोजित समारोह में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ शासन ने उन्हें राज्य अतिथि का दर्जा दिया है। साथ ही मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। उनके इस प्रवास के लिए प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वहीं समारोह के उपरांत शंकराचार्य महाराज दोपहर 2 बजे विशेष विमान से नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए प्रस्थान करेंगे। भक्तों में उनके आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है और शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# 1 वर्ष पूर्ण होने एवं जनादेश दिवस पर विधायक भावना बोहरा ने जताया जनता के प्रति आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पूरे छत्तीसगढ़ में 3 दिसंबर 2023 को भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। मुख्यमंत्री



विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किए बहुत से वादों को पूरा किया है और आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जनादेश दिवस के रूप में मना रही है। इस दौरान विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी भाजपा सरकार व पंडरिया विधानसभा में विगत एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार विकास एवं जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि आज का दिन पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक विशेष और खास दिन है, जनता ने अपने जनादेश के साथ 3 दिसम्बर 2023 को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में सुशासन की स्थापना की। पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को भी प्रणाम करती हूँ और उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ उन्होंने अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विकास करने का परम सौभाग्य दिया।

छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने आज ही के दिन कांग्रेस के 5 वर्षों के कुशासन पर प्रहार कर भाजपा की रीति-नीति एवं विकास के विजन को आत्मसात किया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश की जनता को विकसित छत्तीसगढ़ की गारंटी प्रदान की थी, जिस पर जनता ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाया साथ ही साथ सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, एकनिष्ठता एवं संघर्ष ने भाजपा को पुनः जनसेवा का अवसर प्रदान कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। भावना दीदी की गारंटी में हमने पंडरिया विधानसभा के विकास एवं जन भावनाओं के सम्मान हेतु संकल्प किए थे, आज वह भी धरातल पर पूरे हो रहें हैं। आज पंडरिया विधानसभा में जनता की समस्याओं के निवारण के लिए पंडरिया, पाण्डातराई, कुण्डा, कुई-कुकदुर, इंदौरी, दुल्लापुर एवं रणवीरपुर को मिलाकर कुल 7 स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की जा चुकी है। क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं आईआईटी-जी, नीट एवं सीजीपीएससी की तैयारी हेतु 1 जनवरी से निःशुल्क कोचिंग का लाभ मिलेगा। हमर पंडरिया स्वस्थ पंडरिया के उद्देश्य से पंडरिया विधानसभा में कुल 8 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा एवं 1 मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का भी निःशुल्क सञ्चालन किया जा रहा है। पंडरिया विधानसभा के हमारे किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित सुतियापाट नहर विस्तारीकरण का कार्य भी प्रगति पर है जिससे क्षेत्र के 26 से अधिक गांव के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।

### विकास कार्यों की मिली बड़ी सौंगात व स्वीकृति

विधायक ने बताया कि अनुपूरक बजट में पंडरिया विधानसभा में सड़कों के विस्तार हेतु लगभग 200 करोड़ की राशि, बकेला के पास हाफ नदी में बैराज परियोजना, सुतियापाट नहर विस्तारीकरण जैसी सिंचाई परियोजनाओं हेतु 100 करोड़ से अधिक की राशि, पुल-पुलिया के निर्माण हेतु 100 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है, जिसमें कार्य प्रगति पर हैं एवं महतारी सदन योजना के तहत 74 लाख, क्षमता विकास मद के तहत 1 करोड़, समग्र शिक्षा अभियान के तहत 2 करोड़ 53 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास, जन सुविधाओं के विस्तार जैसे विभिन्न मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है जहाँ कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं बहुत से कार्य प्रगति पर हैं।

### पंडरिया विस के भी 14088 आवासों को मिली स्वीकृति : बोहरा

श्रीमती भावना बोहरा ने बताया कि विगत एक वर्ष में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण एवं जन सुविधाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। किसान भाईयों-बहनों के हित के साथ-साथ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भी विकास कार्य आकार ले रहें जो उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहें हैं। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुई-कुकदुर में भी पीएम जनमन योजना के तहत 3342 आवास को स्वीकृति दी गई है। पंडरिया विधानसभा के भी 14088 आवासों को स्वीकृति मिली एवं पहली किस्त उनके खातों में जारी की गई। इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा में विधायक निधि के तहत सामुदायिक भवन, यात्री प्रतीक्षालय,सीसी रोड जैसे अधोसंरचना विकास हेतु 4 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुए हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सड़कों के विस्तारीकरण हेतु पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 22 सड़कों को डामरीकृत करने हेतु 58 करोड़ से अधिक की राशि केंद्र सरकार द्वारा पंडरिया विधानसभा को दी गई है।

---

## विवेकानंद हाईस्कूल मोहगांव में खेलकूद आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत विवेकानंद हाईस्कूल मोहगांव में सोमवार को भव्य खेल-कूद प्रतियोगिता-महाकुंभ का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ राजेन्द्र चंद्रवंशी पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस द्वारा रीबन फीता काटकर किया गया। जिस पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को खेल भावना से खेल खेलने व विस्तृत जानकारियां दी गई। इस दौरान विवेकानंद हाई स्कूल मोहगांव के प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## पाण्डातराई पुलिस की प्रभावी कार्रवाई



**हरिभूमि पाण्डातराई।** पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत अपराध व अपराधिक मामलों में अंकुश लगाने थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिस पर प्रार्थी द्वारा 20 नवम्बर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिक लडकी की गुम होने दर्ज कराया गया। जिस पर पाण्डातराई पुलिस टीम ने मामला अपहृता नाबालिक बालिका से संबंधित प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अपहृता की हर संभव पता-तलाश करने थाना प्रभारी निरीक्षक जन्मेजय पाण्डेय द्वारा टीम गठित कर हरिशचंद्र साहू एवं महिला आरक्षक सुलोचनी साहू को जिला अंबिकापुर रवाना किया गया। जिस पर आरोपी पुलिस को चकमा देकर वहां से भागकर पीड़िता को साथ लेकर कवर्धा आ गया, कवर्धा में पीड़िता को छोड़कर मोटर सायकल से फरार हो गया। पीड़िता को कवर्धा से 28 नवम्बर को सकुशल बरामद किया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी नारायण यादव आयु 24 वर्ष निवासी कबराटोला द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर अंबिकापुर वाड्रनगर जिला बलरामपुर ले गया, जहां आरोपी द्वारा शारीरिक शोषण किया। जिस पर पुलिस टीम मे फरार आरोपी को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना पर आरोपी नारायण यादव पिता चिंताराम यादव निवासी कबराटोला का पुलिस से लुकते-छिपते घर आया है कि सूचना पर सहा उप निरीक्षक रघुवंश पाटिल के नेतृत्व में आरोपी के घर में दबिश दिया गया। वहीं आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी प्रकरण में पीड़िता के कथन के आधार पर धारा-65 (1), 87 बीएनसी एवं 6 पास्को एक्ट जोड़ी गई तथा आरोपी से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त कर सोमवार को जेल भेजा गया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट · कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) · स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर · भिलाई · बिलासपुर · रायपुर · जगदलपुर · कोरबा
47 TRUST · 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS · REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भोरमदेव और खेड़ापति हनुमान मंदिर में की विशेष पूजा

# क्षेत्र विकास में नया आयाम जोड़ने के लिए कृत संकल्पित : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने विधायकी के एक वर्ष पूर्ण होने पर इसे ऐतिहासिक और सफल बताते हुए इस उपलब्धि को जनता को समर्पित करते हुए जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इसके पहले उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातत्व, धार्मिक और पर्यटन महत्व के स्थलों बाबा भोरमदेव मंदिर और कवर्धा के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह आप सबकी सहभागिता और विश्वास का ही परिणाम है कि हमारा पहला वर्ष विकास और जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का भव्य स्वागत किया। लोगों ने पुष्प-माला और भगवा गमछा भेंट कर उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की सराहना की। श्री शर्मा ने जनता से मिले इस सम्मान और दुलार पर आभार जताते हुए कहा कि आप सबका यह स्नेह और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा।

### रेलवे परियोजना विकास के अवसर



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 20 वीं बैठक में डोंगरगढ़-कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। यह परियोजना क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के निर्माण और आर्थिक विकास में सहायक साबित होगी। उपमुख्यमंत्री के विशेष प्रयासो से जिले की बहुप्रतीक्षित मांग कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 306.23 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाने और चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कवर्धा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना यह न केवल युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराएगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने चर्चा करते हुए बताया कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के वनांचल क्षेत्र चिल्फी से लेकर मैदानी ग्राम निरोधी तक, दलदली से लेकर रेंगाखार, खारा तक हर ग्राम पंचायतो में जन भवनाओं की मांगों को देखते विकास की परिकल्पना और मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर काम किया जा रहा है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र प्रदेश में रोल मॉडल बने इसके लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए जा रहे है।

### भविष्य की योजनाएं और सुशासन का वादा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार को सुशासन की प्रतीक बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य कवर्धा को शिक्षा, कृषि, सिंचाई, उद्योग और खेल के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाना है। यह यात्रा आपके साथ और समर्थन से ही सफल होगी। यह सरकार हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता से अपील की, हमारी सरकार का हर कदम विकास और जनसेवा की दिशा में है।

### नगरीय क्षेत्रों का किया जाएगा समुचित विकास

इस क्षेत्र के कवर्धा नगर पालिका का समुचित विकास, सौदर्यीकरण की दिशा में काम शुरू कर दिए है। इसी तरह बोड़ला, सहसपुर लोहरा, पिपरिया नगर पंचायतों के लिए विकास की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। जिले के युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि जिले में 24 नए मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। इन स्टेडियमों से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। यह पहल खेल को गांव-गांव तक पहुंचाने का हमारा संकल्प है। जिले में लंबित सिंचाई योजनाओ घटोला, जगमड़वा, खड़ौदा जलाशय के निर्माण को गति मिली है। वनांचल क्षेत्रो में बरसो के खराब सड़कों के उन्नयन, नवनीकरण संधारण के लिए करोड़ो रुपए की मंजूरी कर सुगम यातायात की दिशा में काम शुरू किए गए है।

# ट्रेडमार्क/कॉपीराइट उल्लंघन की जांच करने पहुंची टीम

- दुर्ग स्थित गोयल ट्रेडर्स पर की गई कार्यवाही।

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दिल्ली डिस्ट्रिक्ट रोहिणी कोर्ट द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर्स ने आज दुर्ग स्थित गोयल ट्रेडर्स द्वारा बनाए जा रहे चुस्की चाय और चुरकी चाय प्रोडक्ट्स पर ट्रेडमार्क/कॉपीराइट उल्लंघन की कार्यवाही की गई, जैन ट्रेडर्स के मालिक यशवंत जैन के द्वारा उन की रजिस्टर ब्रांड जैन चुस्की चाय के ट्रेडमार्क, कॉपीराइट उल्लंघन को रोकने के लिए अपने अधिवक्ता अंकुर तिवारी और मृणाल प्रजापति एवं उनके ट्रेडमार्क एडवाइजर मुबीना खान, जयेश पिल्लई और निशा मालवीय के द्वारा दिल्ली की कमर्शियल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट रोहिणी में ट्रेडमार्क/कॉपीराइट उल्लंघन का सूट दायर किया था, जिसमें कोर्ट द्वारा एक्स पार्टी ऑर्डर देते हुए कोर्ट ने लोकल कमिश्नर्स नियुक्त किए थे और उनको दुर्ग स्थित गोयल ट्रेडर्स एवं राकेश प्रोविजिनल स्टोर, कवर्धा पर जाकर सर्च एंड सीजर की कार्यवाही करने के आदेश दिए थे। लोकल कमिश्नर के द्वारा आज कार्यवाही को अंजाम दिया गया और राकेश प्रोविजनल स्टोर, कवर्धा पे चुस्की चाय और चुरकी चाय के सभी प्रोडक्ट्स, बोर्ड, बिल्स और अन्य सामग्री को सीज करके उन्हीं के स्थानों पर रख दिया है और दुर्ग स्थित गोयल ट्रेडर्स के द्वारा अपने गोडाउन को तुरंत बंद करके कार्यवाही में बाधा डाली परन्तु लोकल कमिश्नर द्वारा उनके गेट पर कोर्ट के ऑर्डर और समन को चिपका दिया हैं, वहां पाए गए बोर्ड और अन्य सामग्री को सीज करके उनके गेट पर रख दिया गया हैं, गोयल ट्रेडर्स द्वारा कोर्ट के आदेश को न मानकर उल्लंघन किया गया हैं। कोर्ट के आदेश के अनुसार अब से गोयल ट्रेडर्स द्वारा चुस्की चाय और चुरकी चाय के नाम से स्टे कोर्ट में हैं अब उन नाम से वो चाय का प्रोडक्शन एवं बिक्री नहीं कर सकते जब तक कि उनका ये स्टे कोर्ट के आदेश पर हटाया नहीं जाएगा अगर मार्केट मे उनके द्वारा या किसी अन्य दुकानदार के द्वारा गोयल चुस्की चाय और चुरकी चाय को बेचा गया तो ये कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा, उनको अगली तारीख पे अपना जवाब प्रस्तुत करने को दिल्ली की कमर्शियल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट रोहिणी कोर्ट में आने के आदेश को बताया हैं।



## खबर संक्षेप



### दिव्यांग बच्चों को उपकरणों का वितरण

**कवर्धा।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकासखंड बोड़ला में दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरतों के अनुसार उपकरण वितरित किए गए। यह कार्यक्रम कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी और समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक के निर्देशानुसार 12 दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, रोलेटर और होम बेस्ड एजुकेशन के तहत किट और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण प्रदान कर उन्हें शाला में नियमित उपस्थिति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया गया कि उपकरण उनकी शिक्षा और दैनिक जीवन में सहायक सिद्ध हों।

### पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ 7 से

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का शुभारंभ 7 दिसंबर 2024 से होगा। यह अभियान 24 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य टीबी और कुष्ठ रोग से ग्रसित शंकास्पद मरीजों की पहचान कर उपचार करना और जिले में मृत्यु दर को कम करना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और इसे जनभागीदारी से जोड़ा जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान सभी चरणों में समयबद्ध तरीके से कार्य सुनिश्चित हो। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जन प्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करना है।

# भर्ती में डिग्री प्राप्त छात्रों को प्राथमिकता देने की मांग

## फिशरीज कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



- मत्स्य निरीक्षक एवं सहायक संचालक मत्स्य विभाग की भर्ती में प्राथमिकता की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मत्स्य निरीक्षक एवं सहायक संचालक मत्स्य विभाग की भर्ती प्रक्रिया में बीएफएससी एवं एमएफएससी की योग्यता प्राप्त विद्यार्थी मत्स्य निरीक्षक एवं सहायक संचालक मत्स्य विभाग की भर्ती के लिए शासन द्वारा निर्धारित की गई प्राथमिकता को लेकर अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं और उन्होने सिर्फ शासकीय फिशरीज कॉलेज से बीएफएससी एवं एमएफएससी की 4 वार्षिय (डिग्री) प्राप्त विद्यार्थियों को ही भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने की मांग शासन से की है। इस संबंध में विद्यार्थियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी एक ज्ञापन सौंपकर उन्हें अपनी मांग से अवगत कराया है। अपने ज्ञापन में बीएफएससी एवं एमएफएससी की 4 वार्षिय (डिग्री) प्राप्त विद्यार्थियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में एक मात्र शासकीय मत्स्कीय महाविद्यालय कवर्धा में संचालित हो रहा है। जहां पर नीट से चयनित छात्र/छात्राएं मत्स्कीय महाविद्यालय में बीएफएससी एवं एमएफएससी की योग्यता 4 वार्षिय (डिग्री) प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन मत्स्य निरीक्षक एवं सहायक संचालक मत्स्य विभाग की भर्ती प्रक्रिया में शासन द्वारा जीव विज्ञान में स्नातक और किसी संस्थान अंतदेर्शीय मत्स्योद्योग पाठक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त को प्रतियोगी परीक्षा में प्राथमिकता प्रदान की जा रही है जो बीएफएससी एवं एमएफएससी की 4 वार्षिय (डिग्री) प्राप्त विद्यार्थियों के साथ न सिर्फ अन्याय है बल्कि नियम विरूद्ध भी है। डिग्रीधारी विद्यार्थी शासन द्वारा निर्धारित की गई इस प्राथमिकता से अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे हैं। डिग्रीधारी विद्यार्थियों ने बताया कि जिस तरह से शिक्षा विभाग में बीएड, डीएड डिग्रीधारियों को शिक्षक की पात्रता, उप अंकेक्षक के पद के लिए बीकाम, एमकाम योग्यता प्राप्त को ही प्राथमिकता दी जाती है इसी तरह मत्स्य निरीक्षक एवं सहायक संचालक मत्स्य विभाग के लिए बीएफएससी एवं एमएफएससी की योग्यता प्राप्त करने वाले को ही प्राथमिकता दी जाए। नहीं तो उनके द्वारा अपने चार साल बर्बाद कर कड़ी मेहनत से प्राप्त की गई इस डिग्री की उपयोगिता ही क्या है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी

**कवर्धा।** सभी कॉलेजों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना प्रारंभ किया गया है। इसके तहत एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय करने आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। ऐसे विद्यार्थी सत्र 2024-25 अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ( 12वीं से उच्चतर) के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक कर सकते हैं।

# गांव में घूम घूमकर गांजा बेच रहा एक आरोपी गिरफ्तार, 795 ग्राम गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



पिपरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ 795 ग्राम गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन तथा गांजा बिक्री से प्राप्त 3540 रूपए की नगदी रकम जप्त की है।

गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने अपराध क्रमांक 397/2024, धारा 20(बी)(!!)(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया पुलिस को मुखबिर के जरिए मंगलवार को इस बात की सूचना मिली थी कि आरोपी अभितेश धुर्वे पिता मुनेश धुर्वे आयु 26 वर्ष निवासी ग्राम मथानीकला, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम अपने गांव के आसपास घूम घूमकर गांजा बेंच रहा है। मुखबीर की सूचना के आधार पर पिपरिया पुलिस की एक टीम ने तत्काल मौके पर दबिस दी और आरोपी को गांजा बेंचते रंगे हांथो दबोच लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ 795 ग्राम गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन तथा गांजा बिक्री से प्राप्त 3540 रूपए की नगदी रकम जप्त की है। गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने अपराध क्रमांक 397/2024, धारा 20(बी)(!!)(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में पिपरिया थाना के उप निरीक्षक जयराम यादव, राजेश्वर सिंह, आरक्षक हेमंत शर्मा, नारायण पटेल, मनोज टंडन, महिला आरक्षक उषा चतुर्वेदी का सराहनीय योगदान रहा है।

### स.लोहारा महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का किया गया आयोजन



**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में 03 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दौलत राम कश्यप अध्यक्ष आस्था समिति कवर्धा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एचआईवी एड्स विषय पर चर्चा किया गया विद्यार्थियों की लगन मेहनत एवं रुचि समाज में ही समस्या को नियंत्रित करने में सहायक होगा। इस वर्ष का थीम सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार था कार्यक्रम का संचालन सुश्री काजल साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती केएस परिहार, श्रीमती मोना बर्मन सुश्री अंजू महोबिया, विवेक चौहान, तुलेश्वर वर्मा, दीपक पटेल, गौरव जयसवाल, तुलेश्वर वर्मा, शत्रुघन राजपूत, गिरधारी वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, रुपेश वर्मा, गिरीश साहू महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन अंजू महोबिया द्वारा आभार व्यक्त करके किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली निबंध पोस्ट नारा जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थी छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया गया तथा उन्हें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### ब्लॉक स्तरीय ब्लू प्रिंट प्रशिक्षण परीक्षा का आयोजन बोड़ला आत्मानंद स्कूल में संपन्न



**बोड़ला।** परीक्षा उन्नयन कार्य योजना के तहत ब्लूप्रिंट आधारित व्याख्याताओं का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण विकासखंड बोड़ला के स्वामी आत्मानंद स्कूल में 2 एवं 3 दिसंबर को आयोजित किया गया। जिसमें बोड़ला ब्लॉक के सभी 38 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के अलग-अलग विषयों के व्याख्याताओं को एक-एक घंटे का ब्लूप्रिंट पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रत्येक विषय में टॉपिक के अनुसार अंक विभाजन तथा परीक्षा पूर्ण नियोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक डीजी पात्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएल पेंद्रो एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एचके नायक ने अपने विचार व्यक्त किए तथा प्रत्येक विषय के मास्टर ट्रेनरों द्वारा ब्लूप्रिंट पर आधारित परीक्षा कार्य योजना पर कुशलता से प्रशिक्षण दिया।

**चिल्फीघाटी में 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक शिविर लगा**

# रोवर रेंजर समागम शिविर का सफल आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ कबीरधाम द्वारा जिला स्तरीय रोवर-रेंजर, वरिष्ठ स्काउट एवं गाइड समागम एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्फी घाटी में 28 नवंबर से 01 दिसंबर तक किया गया। इस शिविर का उद्घाटन गत 28 नवंबर को ग्राम चिल्फी के शाला विकास समिति अध्यक्ष जीवन दास सोनवारी, प्रकाश धरवैया, राजेश निषाद, विनेश धरवैया, प्राचार्य युगल किशोर वर्मा एवं समस्त स्टाप, सरपंच प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में किया गया। प्रथम दिवस समस्त प्रतिभागियों को स्काउट मास्टर हंसराज चंद्राकर, फ्लॉक लीडर हेमलता सिन्हा के द्वारा स्काउट गाइड के फंडामेंटल के साथ-साथ ध्वज शिष्टाचार, नियम प्रतिज्ञा, वन विद्या की जानकारी दी गई। रात्रि में कैंप फायर स्काउट मास्टर देवकृष्ण मिश्रा व मितेश मिश्रा के नेतृत्व में सभी टोलियों ने अपनी रुचि अनुसार कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार दूसरे व तीसरे दिन शिविर में विभिन्न गतिवितियों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिवस प्रातः कालीन सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया तत्पश्चात ध्वजारोहण, ओपन सेशन, फाइनल टाक किया गया। ओपन सेशन में रोवर-रेंजर द्वारा 3 दिन की गतिविधियों को समेटते हुए एक संक्षिप्त नाटिका के माध्यम से जानकारी प्रदान किया गया। इस शिविर में शिविर संचालक सुजीत कुमार गुप्ता, सहायक संचालक नीलम यदु, अजय चंद्रवंशी, मोहम्मद ईशाक खान, विजय कुमार साहू, मालिक राम मरकाम, राजेश कुमार साहू, लोकनाथ देवांगन, संजय घावडे, परमेश्वरी साहू, संजू मिश्रा, भगवती हठीले, सोनाली चंद्रवंशी इत्यादि के योगदान से शिविर सफल हुआ साथ ही वन विभाग, पुलिस विभाग चिल्फी, राजेश तिवारी, हेमंत सोनी, रविकांत तितरमारे, सुजीत शैलेन्द्र गुप्ता इनका भी विशेष सहयोग मिला।

# हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन 4 दिसम्बर को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत जिला कबीरधाम में हृदय रोग से ग्रसित बच्चों के लिए निःशुल्क इको-कार्डियोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 4 दिसंबर 2024 को जिला चिकित्सालय कवर्धा में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। शिविर में शून्य से 18 वर्ष तक के बच्चों के संभावित हृदय रोग की पहचान और त्वरित उपचार के लिए जांच की जाएगी। जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित हो रहा है। वेंकटेश सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर के सहयोग से संभावित हृदय रोग से ग्रसित 50 बच्चों की जांच और ईको-कार्डियोग्राफी की जाएगी। जिले में अब तक 455 बच्चों का सफल इलाज किया जा चुका है। डॉ. मुकुंद राव, जिला आरएमएनसीएचए सलाहकार ने बताया कि चिरायु कार्यक्रम अगस्त 2014 से जिले में संचालित है। शिविर में जांच के बाद कन्फर्म हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज के लिए भेजा जाएगा।

### बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता

जिले के सरकारी और अनुदान प्राप्त विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और आवासीय विद्यालयों के बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण चिरायु टीम द्वारा किया जाता है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को उपचार के लिए चयनित अस्पतालों में भेजा जाता है। सीएमएचओ डॉ राज ने इस शिविर को जिले के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया है। उन्होंने सभी अभिभावकों से इस शिविर का लाभ उठाने के लिए आग्रह किया है।